ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 4, अंक 116, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 13

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 14

छह मंजिला इमारत में रहते थे 160 लोग, सभी एक ही कंपनी के कर्मी, सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई अधिकतर मौत

कुवैत में रिहाइशी इमारत में लगी आग, भारतीयों समेत 41 की मौत

कुवैत के मंगाफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। ● एजेंसी

दुबई, एजेंसी

कुवैत में श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में बुधवार को लगी भीषण आग में 41 लोगों के मारे जाने की आशंका है। खाड़ी देश से मिल रही खबरों के अनुसार, मरने वालों में अधिकांश भारतीय हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग बुधवार तड़के कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगाफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत के रसोईघर से लगी। बताया जा रहा है कि इमारत में करीब 160 लोग रहते थे, जो एक ही कंपनी के कर्मचारी हैं। कुवैत अपराध-विज्ञान विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान के मुताबिक मृतकों की संख्या 35 से अधिक हो गई है। 15 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया जिनमें से चार की बाद में मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर भारतीय हैं, जिनकी उम्र 20 से 50 वर्ष के बीच है। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हुए हैं। अधिकतर की मौत सोते समय धुएं के कारण दम घुटने से हुई। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि कुवैत सिटी में आग लगने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। खबर है कि 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत मौके पर गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका ने दुर्घटनास्थल मंगाफ का दौरा किया और अस्पताल भी गए जहां अग्निकांड में घायल भारतीय कर्मचारियों का उपचार चल रहा है। दूतावास आपातकालीन चिकित्सा स्वास्थ्य देखभाल के लिए प्रासंगिक कुवैती कानून प्रवर्तन, अग्निशमन सेवा और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है।

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन कुवैत रवाना

नई दिल्ली। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर कुवैत जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि दक्षिणी कुवैत में मजदूरों की एक इमारत में आग लगने से 40 से अधिक लोग मारे गए जिनमें अधिकतर भारतीय हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है : गृह मंत्री शेख

'कुवैत टाइम्स' की खबर के अनुसार, कुवैत के पहले उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने पुलिस को मंगाफ इमारत के मालिक, इमारत के चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को घटनास्थल पर आपराधिक साक्ष्य कर्मियों की जांच पूरी होने तक गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। मंत्री ने एक बयान में कहा कि जो कुछ हुआ वह कंपनी और भवन मालिकों के लालच का परिणाम है। उन्होंने कुवैत नगर पालिका और सार्वजनिक प्राधिकरण को उन गड़बड़ियों को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू करने के आदेश दिए हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रमिकों को एक भवन में ठूंस दिया जाता है। 'अरब टाइम्स' के मुताबिक, कुवैत नगर पालिका के महानिदेशक इंजीनियर सऊद अल-दब्बौस ने कई प्रमुख अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

कठुआ में मारे गए आतंकी, एक जवान भी शहीद

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे एक आतंकवादी को 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में मार गिराया। मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हो गया।

अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला इलाके में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, पांच जवान और एसपीओ घायल हो गए। जिसमें मध्य प्रदेश के जवान कबीर दास की अस्पताल में मौत हो गई।

एक नजर

राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

नई दिल्ली। करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

एसटीएफ ने अंतर्राज्यीय स्मैक तस्कर को दबोचा, जेल भेजा

स्मैक तस्कर के साथ एएनटीएफ की टीम।

संवाददाता, रुद्रपुर

- एएनटीएफ ने 111 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार, बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लाखों में

अमृत विचार : एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अंतर्राज्यीय तस्कर को दबोचा है। तस्कर से 111 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में है।

एसटीएफ सीओ आरबी चमोला और प्रभारी एएनटीएफ पावन स्वरूप ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि एएनटीएफ को मंगलवार की शाम को सूचना मिली कि एक युवक बड़ी मात्रा में स्मैक खपाने की फिराक में है। इसके आधार पर टीम ने ट्रेनिंग सेंटर ब्लॉक रोड पर वाहनों की चेकिंग की तो एक युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगा। इस पर टीम ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेश कुमार निवासी प्रीत कॉलोनी, रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 111 ग्राम स्मैक बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह भारी मात्रा में स्मैक खरीद कर लाता है। फिर स्मैक की पुड़िया बनाकर महंगे दामों पर बेचता है। बरामद स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 11 है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को बुधवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

यमुनोत्री धाम की धारण क्षमता बढ़ाने के लिए बनाएं कार्ययोजना

ब्यूरो, देहरादून

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा को लेकर हुई बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश
- चारधाम यात्रा प्राधिकरण के गठन के लिए कार्यवाही में तेजी लाने के भी दिए निर्देश

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम प्रबंधन यात्रा प्राधिकरण के गठन में तेजी लाने और यमुनोत्री धाम में कैरिंग कैपेसिटी (धारण क्षमता) बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में हुई बैठक में कहा कि चारधाम यात्रा प्रबंधन प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र सिर्फ चारधामों तक सीमित नहीं होगा। राज्य में सभी प्रकार की यात्राओं के प्रबंधन की जिम्मेदारी इसी प्राधिकरण की होगी। उन्होंने कहा कि गंगोत्री व यमुनोत्री धामों में तीर्थयात्रियों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। ऐसे में यमुनोत्री धाम की कैरिंग कैपेसिटी अर्थात यात्रियों के ठहरने की सुविधाएं जैसे होटल, गेस्ट हाउस की संख्या को बढ़ाने पर ठोस काम करना चाहिए। सीएम ने चारधाम यात्रा का संचालन कोटद्वार से करने के लिए संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब व यमुनोत्री धाम के लिए रोपवे निर्माण की निविदा प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिहरी झील और आसपास के क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एशियन विकास बैंक ने 1,200 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। इसकी निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए। इस प्रोजेक्ट के पूरे होने से यहां पर्यटन बढ़ेगा।

रायबरेली सीट छोड़ें या वायनाड

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी

दुविधा में राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड को धन्यवाद दिया और कहा कि जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि मोदी अपने बारे में दावा करते हैं। दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है, मैं एक इंसान हूं।

तृतीय पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा

स्व. (श्रीमती) डॉ० इन्दिरा हृदयेश

24.03.1941 - 13.06.2021

आपकी मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी बरसी (पुण्यतिथि) पर समस्त परिवारजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आपका आशीर्वाद एंव स्नेह सदैव बना रहे।

मान्यवर,
स्व. (श्रीमती) डॉ० इन्दिरा हृदयेश को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु उनकी तृतीय पुण्यतिथि, वार्षिक श्राद्ध, दिनांक 13 जून 2024 दिन गुरुवार, को आप श्रद्धांजलि सभा में सादर आमंत्रित है।

श्रद्धावनत
संजीव कुमार शर्मा (पुत्र), शालिनी शर्मा (पुत्र वधू)
सौरभ कुमार शर्मा (पुत्र), दिव्या शर्मा (पुत्र वधू)
सुमित हृदयेश (पुत्र), मनिका शर्मा (पुत्र वधू)
सौम्या शर्मा (पौत्री), लक्ष्य शर्मा (पौत्र), नन्दिनी शर्मा (पौत्री)
शिवेन शर्मा (पौत्र), आत्मिका शर्मा (पौत्री)

मो. 9837092600, 9871039855, 7830737369

दिनांक : 13 जून 2024
समय : सायं 04:30 बजे से
स्थान : सौरभ होटल, नैनीताल रोड, हल्द्वानी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक ने कहा- जनपद में दो अर्बन हेल्थ सेंटर खोले जाएंगे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए जा चुके निर्देश

एनएचएम के तहत शीघ्र भरे जाएं जनपद में रिक्त पद : भदौरिया

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने बुधवार को जिला चिकित्सालय बीडी पांडे का निरीक्षण किया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड, इमरजेंसी, लैब, प्रसूति वार्ड, स्टोर का निरीक्षण किया।

मिशन निदेशक की ओर से जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए जिला चिकित्सालय में प्रसव को आ रही महिलाओं व आकस्मिक सेवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किए जाने व गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी का चिन्हीकरण कर संस्थागत प्रसव करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मिशन निदेशक द्वारा जनपद नैनीताल में दो अर्बन हेल्थ सेंटर खोले जाने हैं जिसके लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए गए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सालय में टाइप चार भवन, मेडिकल स्टोर, पार्किंग, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, ओपीडी ब्लॉक के निर्माण हेतु स्थान का चुनाव करने के निर्देश दिए। जीबी पन्त चिकित्सालय परिसर में टाइप 4, टाइप 3, भवन बनाये जाने पत्रवाली को तैयार कर जिला स्वास्थ्य समिति के सम्मुख लाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये।

निरीक्षण के दौरान भवाली सेनिटोरियम, बेस चिकित्सालय में स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी व बीपीएचयू के लिए धारी, ओखलकांडा, रामगढ़, रामनगर में स्थान का चुनाव करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर चिकित्सालय में 4 भवन ध्वस्तीकरण किये जाने हैं, उनका निस्प्रोजय प्रमाण पत्र प्रथमिकता के आधार पर प्राप्त करते हुए राज्य को उपलब्ध करायें।

बीडी पांडे अस्पताल का निरीक्षण करतीं निदेशक व अन्य। ● अमृत विचार

उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं

मिशन निदेशक की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, खुर्पाताल का निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि ईडीएल के तहत दवाइयों की मांग को ऑनलाइन ई-पोर्टल के माध्यम से मांग पत्र समय से भेजें। जनपद की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की ओर से ससमय पोर्टल पर कार्य सम्पादित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गये। साथ ही अस्पताल के स्टाफ से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने अस्पताल के अधीक्षक को निर्देश दिए कि वे सभी जरूरी सुधार कार्य जल्द से जल्द करें और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। इस दौरान सीएमओ डॉ. श्वेता भंडारी, डॉ. तरुण कुमार टम्टा, डॉ. द्रोपदी गर्बियाल, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. वी.के धर्मसतु, डॉ. हेमन्त मर्तोलिया, मदन महेरा, पंकज तिवारी, बच्चन कालाकोटी, सरयू नंदन जोशी, दिवान बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, स्वतिशील गुरानी आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

एमजी मोटर्स इंडिया के अधिकारियों के साथ ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी का प्रबंधन।

अधिक मांग वाले पाठ्यक्रम संचालित करेगा ग्राफिक एरा

भीमताल : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी एमजी मोटर्स के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक वाहनों की अत्यधिक मांग वाले क्षेत्र पर पाठ्यक्रम संचालित करेगी। ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने 12 जून को गुजरात के हलोल में एमजी मोटर्स प्लांट में एमजी मोटर्स इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यूनिवर्सिटी के कुलपति और एमजी मोटर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक एचआर की ओर से भीमताल परिसर के निदेशक द्वारा ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के परिसरों में कनेक्टेड, ऑटोनॉमस, इलेक्ट्रिक वाहनों (सीएईवी) पर एमजी पोषण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पाठ्यक्रम सर्टिफिकेट कोर्स या डिप्लोमा, बी.टेक और एम.टेक कोर्स के रूप में चलाए जाएंगे। विश्वविद्यालय का भीमताल परिसर टाटा मोटर्स, पंतनगर के कर्मचारियों के लिए ईवी तकनीक में एम.टेक आयोजित कर रहा है।

नीट में अच्छे अंक प्राप्त करने पर नूपुर सिंघल को बधाई देतीं विधायक सरिता आर्या।

नीट में अच्छे अंक प्राप्त करने पर नूपुर को दी बधाई

भीमताल : राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नीट में डोब-ल्वेशाल निवासी नूपुर सिंघल ने 720 में से 685 अंक प्राप्त किए। इस पर नैनीताल की विधायक सरिता आर्या भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ नूपुर के घर पहुंचीं और उसे शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। कहा कि बेटियों का हौसला अवश्य बढ़ाना चाहिए। बेटियां शिक्षित होती हैं तो पूरा समाज शिक्षित होता है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल, महिला मोर्चा महा मंत्री भावना महरा, शिवांशु जोशी, शुभम आदि मौजूद रहे।

पुराने बस अड्डे के दो गेस्ट हाउस रोडवेज को मिले

नैनीताल : पुराने रोडवेज बस स्टैंड में झील विकास प्राधिकरण की ओर से नई बिल्डिंग का निर्माण किया गया, जिसका काम पूरा होने के बाद निचले हिस्से की बिल्डिंग को पुलिस और पोस्ट ऑफिस के लिए दे दिया गया, लेकिन रोडवेज को बिल्डिंग का कोई हिस्सा नहीं दिया गया, जिसकी मांग को लेकर मजदूर संघ की ओर से कुमाऊं आयुक्त को भी ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब प्राधिकरण की ओर से बिल्डिंग के ऊपरी भाग के दो गेस्ट हाउस रोडवेज को दे दिए गए हैं। निचले भाग में जहां पुलिस चेक पोस्ट और पोस्ट ऑफिस बनाया गया है, उन कक्षों के बाहर मुख्यालय के आदेश के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने अपने विभाग के चिट लगा दिए हैं। उम्मीद की जा रही है कि पुराने बस अड्डे की नवनिर्मित पूरी बिल्डिंग रोडवेज के पास रहेगी।

डीएसबी के छात्रों को कुलपति ने किया सम्मानित

नैनीताल : बुधवार को डीएसबी परिसर के दो छात्रों अरहत तिवारी और प्रशांत पांडे को कुलपति प्रो. दीवान एस रावत की ओर से उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। अरहत तिवारी जो बीएससी छठे सेमेस्टर के छात्र हैं, का चयन प्रतिष्ठित आईआईएससी बंगलुरू में इंट्रीग्रेटेड पीएचडी प्रोग्राम के लिए हुआ है। वहीं, प्रशांत पांडे, जो एमएससी फिजिक्स के छात्र हैं, का चयन एयर फोर्स में सीडीएस परीक्षा के माध्यम से हुआ है। प्रशासनिक भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में कुलपति ने दोनों छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान कुलसचिव दिनेश चंद्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ.अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

रामपुर, सुल्तानपुर और भदोही ने जीते मुकाबले

नैनीताल : डीएसए मैदान में आयोजित ऑल इंडिया ट्रेंड्स हॉकी प्रतियोगिता में बुधवार को खेले नए पहले मुकाबले में रोहिला टाइगर रामपुर और स्पोर्ट्स अथॉरिटी गुजरात के मध्य खेला गया। इस दौरान रामपुर ने 5-0 से मुकाबला जीता। दूसरे मुकाबले में आरएचसी हॉकी सुल्तानपुर और रानीखेत इलेवन आमने-सामने रही। इस मुकाबले में सुल्तानपुर ने 8-0 से मुकाबला जीता। तीसरा मुकाबला डीएचए भदोही और नवाब इलेवन बलरामपुर के मध्य हुआ, जिसमें भदोही ने 4-1 से मुकाबला जीता। मुकाबलों के रेफरी लाल खान, विजय, अजय और मोहित रहे। तकनीकी समिति में दीपक साह, ललित साह, आशू बोरा, विरेंद्र साह रहे। आयोजन की सफलता में हॉकी सचिव आलोक चौधरी, जीएल साह, सीएल साह, मुकुल जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रवि जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, एनडी बिष्ट, संजय कुमार, मनोज बिष्ट आदि जुटे रहे।

एक नजर

डीएसबी में धारा 144 लागू

नैनीताल। कुमार विश्वविद्यालय में शुरू हुई वार्षिक परीक्षाओं को देखते हुए नैनीताल के डीसीबी कॉलेज परिसर में धारा 144 लागू कर दी गई है जो बीस जून तक जारी रहेगी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में मजिस्ट्रेट की पूवार्वनुमति के बिना किसी सार्वजनिक स्थान घर 5 या 5 से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई सार्वजनिक सभा करेंगे। कोई भी शस्त्र, लाठी, डन्डा आदि लेकर नहीं आयेगा। धारा 144 परीक्षा समाप्त होने तक बीस जून तक लागू रहेगी।

पूजा अर्चना के साथ रामलीला महोत्सव शुरू

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के जोशीखोला गांव में ग्रीष्मकालीन रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया। रामलीला मैदान में धर्माचार्यों ने विधि विधान व विशेष मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान कराए। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कोसी नदी से जल लेकर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान समिति अध्यक्ष शिवदत्त जोशी, उपाध्यक्ष दामोदर जोशी व चिंतामणि सती, कोषाध्यक्ष आंनद पांडे आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता संघ के प्रत्याशियों ने लगाई वादों की झड़ी

अधिवक्ता संघ चुनाव से एक दिन पहले आम सभा में बोले, लागू करेंगे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट

आम सभा

▸▸ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित कुल 6 पदों पर सीधा मुकाबला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : अधिवक्ता संघ चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को आयोजित आम सभा में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के लिए वादों की झड़ी लगा दी।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सहित कुल 6 पदों के बीच सीधा मुकाबला होना है, जिसके लिए गुरुवार को वोटिंग होनी है। इससे पहले बुधवार को आम सभा में अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट चैम्बर निर्माण, जूनियर अधिवक्ताओं के अलग से बैठने की व्यवस्था, मानदेय व सभी अधिवक्ताओं का सामूहिक बीमा व मेडिकल बीमा देने के वादे आयोजित आम सभा में प्रत्याशियों ने किये। कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ कभी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हर परिस्थिति में अपने साथी अधिवक्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रह कर अधिवक्ता हित में कार्य करेंगे। महिला प्रत्याशी वॉश रूम, पेयजल, लाईब्रेरी सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के वादों के साथ मैदान में हैं। सभा को मनीष मोहन जोशी, ओंकार गोस्वामी, अनिल हर्नवाल, तारा आर्या, पंकज कुमार, संजय सुयाल, अर्चित गुप्ता, मनीष कांडपाल, जमीर अहमद, स्वाति परिहार, यशपाल आर्या ने संबोधित किया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष शरत साह ने न्याय एवं विधि मंत्रालय के दिशा निर्देशों से प्राप्त प्रतिज्ञा सभी अधिवक्ताओं को दिलवाई। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह, सह-चुनाव अधिकारी दीपक रुवाली, राजेन्द्र सिंह बोरा, अनिल कुमार, गौरव भट्ट, शिवांशु जोशी आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता संघ चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को आम सभा को संबोधित करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

दो पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय

कार्यकारिणी के दो पदों पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रीति साह व मंजू कोटलिया का निर्विरोध निर्वाचन तय है। इन पदों पर किसी अन्य प्रत्याशी की ओर से नामांकन नहीं किया गया है।

आम सभा में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

रूसी बाईपास के जंगल में आग लगी

नैनीताल व हल्द्वानी मार्ग पर स्थित रूसी जंगल में लगी आग को बुझाने का प्रयास करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल व हल्द्वानी रोड पर रूसी बाईपास के पास अस्थाई पार्किंग स्थल के समीप जंगल में भीषण आग लग गई। जंगल में लगी आग जब दुकान व पर्यटन पुलिस चौकी की ओर बढ़ी तो लोगों में हड़कंप मच गया।

स्थानीय लोगों व पुलिस ने वन विभाग व दमकल को सूचित कर दिया। दमकल की ओर से पानी की बौछार करने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

सौलिया गांव में मंगलवार की रात को किसी अराजक तत्व ने जंगल मे आग लगा दी। चीड़ का जंगल होने के चलते बुधवार सुबह तक आग तेजी से जंगल में फैली और विकराल रूप ले लिया। तेजी से ऊपर अस्थाई पार्किंग स्थल व पर्यटन पुलिस चौकी की ओर बढ़ती आग को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया, जिसके बाद लोगों ने वन विभाग व फायर को सूचित किया। सूचना के बाद फायर की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। फायर की ओर से आग में पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन अब तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। वहीं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी है। इधर वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि जंगल में लगी आग को बुझाने की कोशिश की जा रही है जल्द ही आग पर काबू पा लिया जायेगा।

विधायक और पूर्व विधायक ने जाना घायलों का हाल

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के हरचनौली गांव के समीप हुई दुर्घटना में घायलों का हाल जानने विधायक सरिता आर्या व पूर्व विधायक संजय आर्या डा. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी पहुंचे। घायलों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर घायलों को उचित उपचार उपलब्ध कराने को कहा। पूर्व विधायक संजीव आर्या ने कार्यकर्ताओं संग एसटीएच पहुंचकर हरचनौली पिकअप हादसे में घायल लोगों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानी। अस्पताल से उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। पूर्व विधायक ने हादसे में घायल कुंदन सिंह, पना देवी, हेमा देवी, बबीता, वीरेंद्र सिंह, दीपा देवी, सूरज कठायत, सुमित कठायत, दीपांशु, प्रभा, मंजू, कुमकुम, सौरभ, को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। हादसे में जान गंवा चुके लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की।

नियम नहीं मानने पर निरस्त होगा लाइसेंस

संवाददाता, भीमताल

▸▸ पैराग्लाइडिंग मॉनिटरिंग समिति के लिए फर्म संचालक और पायलट के नाम की लॉटरी खोली

अमृत विचार : नैनीताल जिले में व्यावसायिक पैराग्लाइडिंग को सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उप जिलाधिकारी नैनीताल प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में पैराग्लाइडिंग मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पैराग्लाइडिंग मॉनिटरिंग समिति नैनीताल में नियमानुसार एक वरिष्ठ पायलट और एक फर्म संचालक को 1 वर्ष के लिए नामित करने के लिए फर्म संचालकों एवं पायलट के नाम की अलग अलग लॉटरी खोली गई, जिसमें विजय सिंह मै. द हाफ बर्ड एडवेंचर ग्राम बिजरौली पांडे गांव नैनीताल फर्म संचालक तथा हिमांशु आर्य पायलट का चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया। बैठक में भीमताल क्षेत्र में वर्तमान में तीन क्लस्टर में संचालित पैराग्लाइडिंग को सिंगल बुकिंग काउंटर के माध्यम से संचालित करने के पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर सभी फॉर्म संचालकों में सहमति व्यक्त की। भविष्य में सिंगल टेक ऑफ पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पैसेंजर की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हवा का वेग अधिक होने अथवा हवा के खराब होने पर उड़ान नहीं भरने, पायलट की ओर से नशा करने के बाद उड़ान नहीं भरने, नशे में होने पर उड़ान भरते पाए जाने पर पायलट का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने आदि पर सहमति बनी। इस दौरान बैठक में सहासिक खेल अधिकारी भीमताल बलवंत सिंह कपकोटी, पैराग्लाइडिंग संचालक मनोज नेगी, मोहित भंडारी, संदीप बृजवासी, अमर सिंह मेहता, नरेंद्र पोखरिया आदि मौजूद थे।

चाय बागान का निरीक्षण

भवाली। उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड के प्रबन्ध निदेशक अल्मोड़ा ने घोड़ाखाल चाय बागान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चाय बागान प्रबन्धक नवीन पाण्डे ने बताया कि लगातार भीषण गर्मी के चलते चाय के पौधे झुलस गये हैं, जिसके कारण चाय का उत्पादन तीस से चालीस प्रतिशत तक घट गया है। आसपास के जल श्रोत भी सूख गये। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देशित किया कि पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाये जायें। इस दौरान लालमणी, कमलेश पाटनी, गणेश काण्डपाल व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

कूड़े से पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी परेशान

▸▸ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों के खराब होने से दिक्कत और ज्यादा बढ़ी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पर्यटन सीजन चरम पर है। हर रोज हजारों की संख्या में देश के अलग अलग कोनों से सैलानी नैनीताल घूमने आ रहे हैं। ऐसे में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कूड़े का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों सहित सैलानियों को भी नाक पर रुमाल रख निकलना पड़ रहा है, हालांकि पालिका द्वारा जगह जगह कूड़ेदान रखे गए हैं, लेकिन उनके भर जाने के बाद अब कूड़ा बाहर फेंका जा रहा हैद।

कुत्ते उस कूड़े को पूरे क्षेत्र में फैला रहे हैं, जिससे दुर्गंध के साथ साथ दुपहिया वाहनों को दुर्घटना का भय बना हुआ है। वहीं पालिका का कहना है कि कूड़ा गाड़ियों के खराब होने के चलते कूड़ा नहीं उठ पा रहा है।

डोर टू डोर कलेक्शन को पालिका ने घर घर से कूड़ा उठाने का टेंडर दिया है लेकिन उसके वावजूद घरों से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है जिससे भी जगह-जगह कूड़े का ढेर लग रहा है। वहीं घरों से कूड़ा नहीं उठाये जाने के बाद अब लोगों ने मजबूरी में कूड़ा जंगलों में फेंकना शुरू कर दिया है जो कि बरसात के दौरान नालों के जरिये झील में समा जाता है।

नगर क्षेत्र में सड़क पर फैला कूड़ा।

मॉकड्रिल : दो घंटे तक हवा में लटके 10 लोगों को बचाया

▸▸ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर निकाला

▸▸ विभिन्न विभागों की ओर से की गई संयुक्त मॉकड्रिल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शहर में बुधवार को मॉकड्रिल चलाया गया। इसका उद्देश्य ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के पीक समय में तकनीकी खराबी आने पर रोप-वे ट्रॉली में फंसे लोगों को बचाना था। अभियान के तहत एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर फंसे यात्रियों को रस्सी के सहारे नीचे उतारा।

वहीं रेस्क्यू टीमों समेत अन्य विभागों की संयुक्त मॉकड्रिल में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इंतजाम परखे गए। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, केएमवीएन, वन विभाग, अग्निशमन विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम की ओर से आयोजित मॉकड्रिल के तहत पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे रोपवे ट्राली तकनीकी खराबी आने के कारण बीच राह रुकने की सूचना आपदा प्रबंधन विभाग को मिली। सूचना पर 15 एनडीआरएफ की टीम की अगुवाई में विभिन्न टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

करीब दो घंटे चले अभियान में ट्राली में फंसे 10 यात्रियों को रस्सी के सहारे सुरक्षित नीचे उतारा गया। इस बीच ट्रॉली में फंसे यात्रियों को नीचे उतारने, अस्पताल तक पहुंचाने समेत अन्य इंतजाम परखे गए। एनडीआरएफ कमांडेंट आरएस धपोला ने बताया कि एनडीएमए की गाइडलाइन के मुताबिक प्रदेश के सभी रोपवे में मॉकड्रिल की जा रही है, जिसमें भविष्य में किसी आपातकालीन स्थिति में निपटने और अन्य तैयारियों को परखा गया है।

मॉकड्रिल के दौरान रेस्क्यू करती एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें। ● अमृत

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

43.3° अधिकतम तापमान | 23.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.12

एक नजर

जंगल में मिला अधेड़ का शव

कालाढूंगी : कालाढूंगी रेंज के जंगल में एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मुखानी थाना पुलिस के अनुसार हिम्मतपुर मल्ला हरिपुर नायक निवासी देवी दत्त पांडे (58 वर्ष) पुत्र भवानी दत्त मंगलवार की सुबह घर से बाजार कपड़े लेने गये थे और फिर लौट कर नहीं आये। देर होने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो वह कालाढूंगी-कोटाबाग मार्ग में ब्रह्म बुबु मंदिर के पास जंगल में पड़े मिले। उनका शरीर नीला पड़ गया था। परिजन उन्हें तुरंत कालाढूंगी सीएचसी लाए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि प्रथम दृष्टया अधेड़ की मौत जहर खाने से हुई है।

आज रानीखेत एक्सप्रेस का मार्ग रहेगा परिवर्तित

हल्द्वानी : रेल प्रशासन ने उत्तर-पश्चिम रेलवे के अजमेर-दौराई स्टेशन के मध्य अंडरपास निर्माण के चलते ब्लॉक लिए जाने के कारण ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार को काठगोदाम से जैसेलमेर को चलने वाली रानीखेत एक्सप्रेस का रूट डायवर्ट रहेगा। ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा-अजमेर-मारवाड़-जोधपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर पर चलाई जाएगी।

स्कूटी चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी : पुलिस ने महिला अस्पताल के बाहर से स्कूटी चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है। पांच मई को मयंक गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अस्पताल के बाहर व आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले, जिससे आरोपी की पहचान कर ली गई। मंगलपड़ाव पुलिस ने तीनपानी बाईपास पर चेकिंग के दौरान चोरी गई स्कूटी संख्या यूके 04 के 6478 बरामद कर ली, जिसे इंदिरानगर बनभूलपुरा निवासी जुबेर पुत्र मोबिन चला रहा था। पूछताछ में बताया कि वह स्मैक और नशीले इंजेक्शन का लती है। नशे की लत पूरी करने के लिए वह चोरी करता है। आरोपी के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में 18 मुकदमे दर्ज हैं।

15 जून को मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की आशंका पर पुलिस प्रशासन ने लिया फैसला, शुक्रवार और शनिवार के लिए पुलिस ने लागू किया डायवर्जन प्लान

कैंची धाम व नैनीताल के लिए चलेगी शटल सेवा, निजी वाहनों पर रोक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि 15 जून को कैंची धाम के स्थापना दिवस पर करीब चार लाख श्रद्धालु बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन को आ सकते हैं। ऐसा हुआ तो यातायात व्यवस्था पटरी से उतर जाएगी। पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है।

जिसके तहत रूसी बाईपास से नैनीताल और भवाली से कैंची धाम की ओर वाहनों के जाने पर पाबंदी होगी। दोनों ही स्थानों से श्रद्धालुओं को शटल सेवा का इस्तेमाल करना होगा। माना जा रहा है कि कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला शुक्रवार से ही शुरू हो जाएगा। ऐसे में डायवर्जन प्लान को शुक्रवार से ही लागू किया जा रहा है।

यहां से मिलेगी शटल : भीमताल से कैंची धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को सभी पार्किंग स्थल से शटल वाहन मिलेंगे। मस्जिद तिराहा से कैंचीधाम जाने वालों और खैरना से कैंचीधाम तक जाने वालों को सभी पार्किंग स्थल से शटल मिलेगी। कैंची धाम मेले को लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। 44 कारीगरों का दल कैंची धाम में प्रसाद के रूप में मिलने वाले मालपुआ बनाने के लिए वृंदावन से यहां पहुंच चुका है। मालपुआ बनाने का कार्य शुरू हो गया है।

सभी श्रद्धालु और पर्यटक यातायात व्यवस्था को बनाए रखें। पुलिस का सहयोग करें व यातायात नियमों का पालन करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।
– **प्रह्लाद नारायण मीणा**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल

भवाली का डायवर्जन प्लान

1. अल्मोड़ा से हल्द्वानी आने वाले वाहन क्वारब से शीतला रामगढ़ होते हुए जायेंगे।
2. हल्द्वानी से अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जाने वाले वाहन खुटानी से रामगढ़ की ओर जायेंगे।
3. बेतालघाट, रानीखेत, खैरना से हल्द्वानी आने वाले वाहन क्वारब, रामगढ़ से खुटानी की ओर जायेंगे।
4. नैनीताल-भवाली से दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, काशीपुर, बाजपुर जाने वाले वाहन बैंड नंबर एक से रूसी टू व रूसी वन से होकर कालाढूंगी की ओर जायेंगे।
5. रामनगर, कालाढूंगी से कैंची धाम जाने वाले वाहन रूसी वन व रूसी टू से बैंड नंबर एक होते हुए मस्जिद तिराहा भवाली तक जायेंगे।

रूसी बाईपास का डायवर्जन प्लान

1. भवाली से नैनीताल आने वाले वाहन बैंड नंबर एक से रूसी टू होते हुए जायेंगे।
2. कालाढूंगी से नैनीताल आने वाले वाहन रूसी वन से रूसी टू से होते हुए जायेंगे।
3. रूसी वन, पार्किंग स्थल नारायण नगर से समन्वय बनायेगा, ताकि यातायात नारायणनगर पार्किंग से आगे न जाये। पर्यटक इससे आगे शटल सेवा के माध्यम से शहर में आयेंगे।

यहां खड़े होंगे चार पहिया वाहन

बैंड नंबर एक व नैनीताल से आने वाले वाहन मस्जिद तिराहा से नैनी बैंड बाईपास रोड पर एक तरफ, भवाली सेनेटोरियम से रातीघाट रोड पर एक तरफ और मस्जिद तिराहा से नैनीताल रोड पर एक तरफ खड़े करेंगे। भीमताल से आने वाले वाहन रामलीला ग्राउंड भवाली, विकास भवन ग्राउंड, ग्राफिक एरा ग्राउंड व मत्स्य विभाग की पार्किंग में खड़े किए जा सकेंगे।

यहां होगी दो पहिया वाहनों की पार्किंग

हल्द्वानी : भारत माता पार्किंग भवाली, ग्राउंड फ्लोर परिवहन पार्किंग भवाली, सेनोटेरियम पार्किंग भवाली, पेट्रोल पंप पार्किंग भवाली और आंचल मिल्क डेरी पार्किंग भवाली में दो पहिया वाहन सवार अपने वाहन खड़े कर सकेंगे।

बिजली चोरी करने पर 67 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे, 40 मीटर जांच को उखाड़े

बिजली विभाग की देहरादून से आई विजिलेंस व स्थानीय टीम ने बनभूलपुरा इलाके में की ताबड़तोड़ कार्रवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बिजली विभाग की देहरादून से आई विजिलेंस व स्थानीय टीम ने बनभूलपुरा क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चलाया। टीम ने बिजली चोरी पर 67 घरों के कनेक्शन काट दिए और गृह स्वामियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसके अतिरिक्त बिजली के 40 मीटर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे हैं।

बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार बनभूलपुरा क्षेत्र में लंबे समय से बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थी। बिजली चोरी पर शिकंजा कसने के मकसद से देहरादून से आई विजिलेंस व स्थानीय बिजली विभाग के कर्मचारियों की तीन टीमें पुलिस फोर्स के साथ बुधवार की सुबह लगभग 6 बजे बनभूलपुरा पहुंचीं। टीमों ने सर्वप्रथम बनभूलपुरा के लाइन नंबर 8, 12,17, 18 में चेकिंग शुरू की। यहां कटिया डालकर, मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी की जा रही थी। इसके बाद टीम ने आजाद नगर और गांधी नगर में चेकिंग अभियान चलाया। सभी जगह इसी तरह बिजली चोरी कर सरकार को चूना लगाया जा रहा था।

टीम ने बिजली चोरी पर 67 घरों के कनेक्शन काट दिए और सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसके अलावा 40 मीटर जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं। टीम में एसडीओ मनीष जोशी, एसडीओ नीरज पांडेय, एई विजिलेंस अमित आर्या, जेई नवीन पंत, मोहम्मद साकेब, सतेंद्र टप्पड़वाल, मोहम्मद आजम, अरूण गिरी आदि शामिल रहे।

छापेमारी के दौरान बिजली कनेक्शन काटता विभागीय कर्मचारी।

कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारियों से उलझती महिला। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में लो वोल्टेज और लोकल फॉल्ट का निस्तारण करना चुनौती बन गया था। वहां बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इस पर देहरादून से आई विजिलेंस व स्थानीय टीम ने चेकिंग की। बिजली चोरी पर 67 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट कर उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
–**प्रदीप बिष्ट**, ईई हल्द्वानी डिवीजन शहरी

भारी संख्या में पुलिस बल रहा तैनात

बीती आठ फरवरी को हुई हिंसा के बाद सबक लेते हुए बिजली विभाग को भारी संख्या में पुलिस बल मुहैया कराया गया था। बिजली चेकिंग अभियान के दौरान किसी प्रकार की झड़प की घटना तो सामने नहीं आई, लेकिन चेकिंग पर लोगों की बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नोकझोंक और तीखी बहस हुई।

बनभूलपुरा में बकाया है बिजली बिल का सवा करोड़

शहरी क्षेत्र में बिजली के बिलों की बकाएदारी की बात करें तो बनभूलपुरा इलाके में सबसे अधिक बकाया है। वर्तमान में करीब 1.25 करोड़ रुपये की बकाएदारी यहां के उपभोक्ताओं पर है। बिजली अधिकारियों के मुताबिक बनभूलपुरा में 10 से 12 हजार उपभोक्ता हैं, इनमें सैकड़ों ऐसे हैं जिन पर 50 हजार से 1 लाख रुपये तक का बिजली बिल का बकाया है।

नैनीताल रोड में गर्मी से बचने के लिए चेहरा ढककर जातीं युवतियां। ● अमृत विचार

43.5 डिग्री पहुंचा पारा 16 जून तक राहत नहीं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : हल्द्वानी में लू और गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले चार दिनों तक कोई राहत मिलने का अनुमान नहीं है। मानसून भी अब उत्तराखंड में देरी से पहुंचेगा।

बुधवार को शहर में सुबह नौ बजे के बाद ही तेज गर्मी पड़ने लगी थी। दोपहर के समय लू चलने से लोग परेशान रहे। आसमान साफ होने की वजह से दिनभर तेज धूप निकली रही। शाम के समय भी गर्मी में कमी नहीं आई। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.4 सेल्सियस दर्ज किया गया। जून माह में पड़ रही गर्मी पिछले नौ वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रही है। पिछले नौ वर्षों में इतनी गर्मी नहीं पड़ी। वर्ष 2015 में नौ जून को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वर्ष 2016, 2019, 2020, 2021 और 2023 में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार नहीं गया था। इस बार जून माह में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक भी जाने का अनुमान है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि 16 जून तक गर्मी और लू से कोई राहत नहीं मिलेगी। इसी तरह से गर्मी पड़ेगी। इस बार मानसून भी देरी से आएगा।

पेट की आग : हल्द्वानी में इन दिनों पारा 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। भीषण गर्मी और सूर्य की तपिश से बचने के लिए लोग दोपहर में घरों से नहीं निकल रहे हैं। ऐसे में त्वचा झुलसा देने वाली धूप में यह नन्हा बालक पेट की आग बुझाने के लिए आईटीआई रोड पर पापड़ बेच रहा है। ● राजेश श्रीवास्तव

बस दुर्घटना में हल्दूचौड़ निवासी महिला की मौत

हल्दूचौड़ : गंगोत्री हाईवे पर गंगनानी के पास मंगलवार रात हुए बस हादसे में हल्दूचौड़ नया बाजार निवासी 55 वर्षीय दीपा बड़सिलिया पत्नी मुकेश चंद्र समेत तीन महिलाओं की मौत हो गई। महिला के पति समेत पांच लोगों की हालत गंभीर है। बस में कुल 27 यात्री सवार थे। हादसा मंगलवार रात 9:15 बजे हुआ। बस गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी लौट रही थी। हल्दूचौड़ निवासी पूर्व सैनिक मुकेश चंद्र बड़सिलिया सपत्नी तीर्थ यात्रा पर गए थे। इधर हादसे की सूचना पर मृतक दीपा के घर में कोहराम मच गया। दीपा चार पुत्रियों, एक पुत्र समेत भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं। परिजन घटना स्थल को रवाना हो गए हैं।

शंटिंग के समय पटरी से उतरा पैसेंजर ट्रेन का कोच

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन में शंटिंग के दौरान लालकुआं-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन के एक कोच का पहिया पटरी से उतर गया। जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के दौरान रेलवे फाटक आधे घंटे से अधिक समय तक बंद रहा। जिस कारण स्थानीय लोगों को फजीहत का सामना करना पड़ा।

बुधवार की सायं 7.30 बजे रेलवे स्टेशन में लालकुआं-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन को धुलाई के लिए याड में ले जाने के लिए शंटिंग की जा रही थी तभी रेल लाइन पॉइंट के पास पैसेंजर ट्रेन के एक कोच का पहिया उतर गया। जिससे रेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में रेल कर्मियों ने पटरी से उतरे कोच को खोलकर रेलगाड़ी की पुनः शंटिंग की और दूसरी लाइन पर शिफ्ट किया। इस दौरान रेलवे फाटक आधे घंटे से अधिक समय तक बंद रहा। घटना की वजह शंटिंग पॉइंट तैयार किये बिना ट्रेन को याड की तरफ ले जाना बताया जा रहा है। घटना के संबंध में रेल अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

मटर गली में कपड़े की दुकान में चल रहा था चरस का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस और एसओजी की टीम ने मटर गली में कपड़े की दुकान में काम करने वाले एक युवक को भारी मात्रा में चरस और हजारों रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करी का मुख्य आरोपी दुकान मालिक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

गांधीनगर निवासी नरेश पासवान की मटरगली में एंजल कलेक्शन के नाम से कपड़ों की दुकान है। पुलिस को खबर मिली थी कि कपड़ों के व्यापार की आड़ में आरोपी चरस का कारोबार कर रहा है। पुख्ता खबर पर मंगलपड़ाव पुलिस और एसओजी की टीम ने बुधवार को दुकान में छापेमारी की। दुकान के बाहर से पुलिस ने दुकान में ही काम करने वाले गांधीनगर निवासी कालू चौहान पुत्र रमेश चौहान को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर टीम ने दुकान के बाहर शेरवानी और कोट के स्टैंड के पीछे रखे बैग से 764 ग्राम चरस और 35,550 रुपये बरामद किए। उसने पुलिस को बताया कि चरस उसे नरेश लाकर देता था, जिसे वह छोटी-छोटी गोलियां बनाकर बेच देता था। घटना के बाद से आरोपी फरार है। पूछताछ में पुलिस को चरस बेचने वाले कुछ और लोगों के नाम मिले हैं। टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र जोशी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, हेड कांस्टेबल हेमंत सिंह, कांस्टेबल चंदन सिंह, राजेश बिष्ट, भूपाल सिंह शामिल रहे।



चरस के साथ पकड़ा गया युवक।

कार्रवाई

- कर्मचारी को पौन किग्रा चरस के साथ पकड़ा
- 35 हजार रुपये बरामद, मुख्य आरोपी फरार, तलाश शुरू

राजनीति | भाजपा में ही कई धड़े अपने-अपने पक्ष में आरक्षण लागू कराने को लेकर कवायद में जुटे

नगर निगम महापौर की कुर्सी के आरक्षण को लेकर घमासान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अभी निकाय चुनाव का बिगुल नहीं फुंका है, लेकिन कुमाऊं के सबसे बड़े नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में आरक्षण को लेकर अंदरुनी घमासान छिड़ चुका है। भाजपा में ही कई धड़ों के दिग्गजों ने अपने-अपने पक्ष में आरक्षण लागू कराने के लिए 'दून दरबार' के चक्कर काटने शुरू कर दिए हैं।

नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम का गठन 22 मई 2011 को हुआ था। तब से नगर निगम के महापौर की सीट सामान्य है। नगर निगम गठन के बाद वर्ष 2013 में पहली बार महापौर चुनाव हुए तो भाजपा के मेयर डॉ. जोगेंद्र सिंह रौतेला ने बाजी मारी। वर्ष 2018 में भी रौतेला ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। वर्ष 2023 में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। इसी के साथ ही महापौर की कुर्सी आरक्षित करने की अटकलें शुरू हो गईं। शासन ने भी प्रत्येक निकाय में ओबीसी सर्वे कराया। इसके बाद आरक्षण को लेकर अटकलों को जोर मिला। इधर, भाजपा के दिग्गजों ने महापौर की कुर्सी के आरक्षण को लेकर दून परिक्रमा शुरू कर दी है। हर कोई अपनी-अपनी गणित के हिसाब से आरक्षण को जोर दे रहा है। सूत्रों की मानें तो भाजपा में ही कई 'सूरमां' जिन्हें विधायक का टिकट नहीं मिला या विधायक नहीं बन पाए अपने-अपने राजनैतिक फायदे के लिए अपने अनुसार आरक्षण लगाने की फिराक में घूम रहे हैं। भाजपा का एक धड़ा यहां सीट सामान्य ही रखना चाहता है, इसलिए यहां आरक्षण लागू नहीं करने की पैरवी कर रहा है। दूसरी तरफ एक धड़ा दिल्ली व देहरादून में महापौर की कुर्सी सामान्य महिला के आरक्षित कराने में जुटा हुआ है, ताकि अपने पक्ष के दावेदार को चुनावी मैदान में उतारा जा सके। तीसरा गुट एससी महिला आरक्षित कराने में तो चौथा गुट इस सीट को एससी आरक्षित कराने में लगा हुआ है। सभी गुटों के पैरोकार दिल्ली से दून दरबार तक वरिष्ठ नेताओं की परिक्रमा रहे हैं। अलग-अलग मंत्रियों से अफसरों तक जोर आजमाइश की जा रही है।

पहले एक अब दो विधानसभा सीटों में नगर निगम का दायरा

हल्द्वानी : जब नगर निगम का गठन हुआ था तब हल्द्वानी विधासभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। शुरुआत में नगर निगम में 37 वार्ड थे। वर्ष 2017 में नगर निगम का दायरा बढ़ाया गया और कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल किया गया और 23 नए वार्ड बनाए गए। तब यहां वार्डों की संख्या 37 से बढ़कर 60 तक पहुंच गई।

आरक्षण की चक्रीय व्यवस्था के तहत जो भी श्रेणी महिला, एससी, ओबीसी वगैरह आएगी, उसके लिए भाजपा संगठन तैयार है। भाजपा में सभी श्रेणियों से एक-एक दर्जन से अधिक लोगों ने दावेदारी की है। हमारा लक्ष्य निकाय चुनाव में भाजपा को जिताना है। –**प्रताप बिष्ट**, जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

शासन तय करेगा महापौर की 'कुर्सी' किसकी होगी

हल्द्वानी : नगर निगम हल्द्वानी के महापौर की कुर्सी को आरक्षित, सामान्य, ओबीसी, महिला श्रेणी में करने के लिए शासन स्तर पर भी कवायद चल रही है। शासन ने ओबीसी सर्वे कराया है। इसके अलावा भी रिपोर्ट मांगी गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस सीट पर आरक्षण को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी।

आई फोन चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी : अब्दुल्ला बिल्डिंग बरेली रोड निवासी महबूब आलम नैनीताल रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में काम करते हैं। बीती 10 जून को वह ड्यूटी पर थे तभी एक महिला बैंक में आई। महबूब काम में व्यस्त थे और तभी महिला ने उनका आई फोन चोरी कर लिया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की। बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो महिला की तस्वीर साफ हो गई। पुलिस ने अम्बा कॉलोनी के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। महिला ने अपना नाम अम्बा कॉलोनी मुखानी निवासी निशा आर्या (39 वर्ष) पुत्री धर्मा आर्या बताया। महिला के पास से आई फोन बरामद कर लिया गया है। टीम में भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी देवेन्द्र राणा, हेड कांस्टेबल इशरार नवी शामिल थे।

अब आधुनिक लैब में होगी पानी की जांच

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जल संस्थान पानी की जांच के लिए नई लैब तैयार कर रहा है। इस लैब में आधुनिक मशीनों से पानी की जांच की जायेगी। विभाग की ओर से रामपुर रोड स्थित फूलचौड़ में लैब के भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

नई लैब स्थापित होने बाद उपभोक्ता अपने घरों में पहुंच रहे पानी की जांच भी आसानी से करा पाएंगे। वर्तमान में जल संस्थान तिकोनिया स्थित कार्यालय में बनी लैब में पानी की जांच करता है, लेकिन इस लैब में सीमित संसाधन होने के कारण कई बार कार्य प्रभावित होता है। पानी की जांच रिपोर्ट मिलने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता है। नई लैब शुरू होने के बाद जहां पानी की जांच आसानी से हो पाएगी।

वहीं जांच रिपोर्ट एक ही दिन में मिल जायेगी। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि फूलचौड़ में नई लैब के भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। नई लैब आधुनिक मशीनों से लैस होगी। जिसमें पानी की जांच आसानी से हो पायेगी।

अच्छी खबर

- फूलचौड़ में लैब का निर्माण करा रहा है जल संस्थान
- एक ही दिन में मिल जाएगी पानी की जांच रिपोर्ट

एक नजर

कोश्याकुटौली तहसील का नाम हुआ श्री कैंचीधाम

हल्द्वानी : केंद्र सरकार ने नैनीताल और चमोली जनपद में तहसीलों के नाम परिवर्तित करने के प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले वर्ष कैंची धाम के स्थापना दिवस पर कोश्याकुटौली तहसील का नाम बदलकर श्री कैंची धाम रखने की घोषणा की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा था। कैंचीधाम की स्थापना से तीन दिन पूर्व केंद्र ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कैंचीधाम तहसील बनने से वहां बुनियादी जरूरतें पूरा करने पर जोर दिया जाएगा। इसके अलावा चमोली जनपद में जोशीमठ का नाम बदल कर ज्योर्तिमठ बनाने का प्रस्ताव दिया था। केंद्र सरकार ने दोनों प्रस्तावों पर मुहर लगा दी है। इसके बाद अब नैनीताल जिले की कोश्याकुटौली तहसील श्री कैंचीधाम के नाम से जानी जाएगी।

विधायक कैड़ा ने की सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को देहरादून में कृषि व उद्यान मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंप कर भीमताल को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की। विधायक कैड़ा ने कहा कि ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। किसानों की आजीविका का साधन सिर्फ खेती है। इस वर्ष बर्फबारी व बारिश नहीं होने से किसानों को बहुत नुकसान हुआ है। किसानों की फल व सब्जियों की फसलें सूख गई है। उनके सामने रोजीरोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान निदेशक को किसानों को बीमा दिलवाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल का स्वागत करते वनाधिकारी व विधायक। ● अमृत विचार

राज्यपाल कार्बेट पार्क पहुंचे, ढिकाला के लिए हुए रवाना

रामनगर : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रि.) गुरमीत सिंह बुधवार को दो दिवसीय कार्यक्रम में पत्नी के साथ कार्बेट पार्क पहुंचे। धनगढ़ी गेट पर उनकी राज्य के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक समीर सिन्हा, सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने उनकी अगवानी की। धनगढ़ी गेट पर ही उपनिदेशक दिगन्थ नायक, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने धनगढ़ी में जिम कॉर्बेट की प्रतिमा का माल्यार्पण किया और इंटरप्रिटेशन सेंटर (म्यूजियम) का निरीक्षण करने के साथ ही उन्होंने शहीद वनकर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। उपनिदेशक दिगन्त नायक ने बताया कि इसके बाद राज्यपाल ढिकाला के रवाना हुए। बुधवार की शाम और गुरुवार सुबह वह जंगल सफारी कर वन्यजीवों का दीदार करेंगे। गुरुवार सुबह 11 बजे नम : रिजॉर्ट में वह राज्य के आईएफएस अधिकारियों के सेमिनार को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ढिकाला में रात्रि विश्राम ओल्ड एफआर एच विश्राम गृह में करेंगे।

रैखाल खत्ता के ग्रामीणों ने की सांसद से मुलाकात

चोरगलिया : रैखाल खत्ता के ग्रामीणों ने हीरा बिष्ट के नेतृत्व में सांसद अजय भट्ट से उनके निवास पर मुलाकात की। सांसद को शानदार जीत पर बधाई दी। ग्रामीणों ने सांसद को अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात में खत्ते की गलियों में कीचड़ भर जाने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। खासकर छोटे स्कूली बच्चों को कीचड़ में फिसल जाने के बाद गंदे कपड़ों से वापस घर जाना पड़ता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान पहुंचता है। ग्रामीणों ने सांसद से गलियों में आरबीएम डालने की मांग की। जिस पर सांसद ने तत्काल कार्रवाई कर डीएफओ हल्द्वानी को लिखित आदेश दिया।

दुर्गा मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर निकाली यात्रा

गरमपानी : बेतालघाट ब्लॉक के सुदूर फडीका गांव में विधि विधान व विशेष मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। महिलाओं ने माता के जयकारों के बीच पारंपरिक परिधानों में भव्य कलश यात्रा निकाली। सुबह धर्माचार्यों ने विधि विधान से यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद भंडारा लगा। इस दौरान ईश्वर सिंह बोहरा, मोहन सिंह बोहरा, कुंदन सिंह, भूपाल सिंह, गुसांई सिंह, हरेंद्र सिंह, बचे सिंह, दान सिंह, गोपाल सिंह, रणजीत सिंह, कैलाश बुधलाकोटी, माधो सिंह, पान सिंह, पूरन सिंह, मदन सिंह आदि व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

श्रीराम के वियोग में राजा दशरथ ने त्यागे प्राण

चोरगलिया : आदर्श श्री रामलीला कमेटी चोरगलिया के तत्वावधान में आयोजित हो रही राम लीला मंचन के पंचम दिवस मुख्यअतिथि सांसद अजय भट्ट, लालकुआं विधानसभा विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर पांचवें दिन की रामलीला का शुभारंभ किया। लीला मंचन में राजा दशरथ ने रानी कैकई के कहने पर श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास दे दिया। राजा दशरथ ने राम के वियोग में अपने प्राण त्याग दिए। लीला में विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश खुलवे, मंडल अध्यक्ष डॉ. मुकेश बेलवाल, जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदौला, प्रतिनिधि तिर्लोक नौला, पूर्व छात्र संघ सचिव पान सिंह मेवाड़ी आदि उपस्थित रहे।

1950 तक रामनगर से शुरू होती थी यात्रा, अब डीएम के निर्देश पर रामनगर से कर्णप्रयाग तक का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की

चार धाम यात्रा के रामनगर से शुरू होने की उम्मीद को लगे पंख

खबर का असर

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : चार धाम यात्रा के रामनगर से शुरू किए जाने की अमृत विचार की खबर का असर दिखाई देने लगा है। अब चार धाम यात्रा को रामनगर से शुरू किए जाने की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

बता दें कि अमृत विचार ने गत दिनों पहले 'आखिर कब शुरू होगी रामनगर से चार धाम यात्रा' हेडलाइन से खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। सूत्र बताते हैं कि धामी सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन द्वारा चारधाम यात्रा की सम्भावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। नैनीताल जिला प्रशासन और परिवहन विभाग ने प्रारंभिक सर्वे का काम करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार कर ली है। बता दें कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में यात्रा में भीड़ के दबाव से निपटने और या यातायात को सुगम बनाने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने रामनगर से चारधाम यात्रा की संभावना को तलाशने के निर्देश कुछ महीने पहले जिला प्रशासन को दिए थे। रामनगर से मोहान मोलेखाल-भिकियासैण, चौखुटिया-गैरसैण और कर्णप्रयाग होते हुए चारधाम यात्रा की जा सकती है। बता दे कि 1950 तक तक लोग इस मार्ग से जाते रहते थे।

> रामनगर से चार धाम की यात्रा को लेकर लगभग तीन संभावित मार्गों का परीक्षण चल रहा है। रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है सभी पहलुओं पर विचार कर इसका अंतिम निर्णय शासन स्तर से लिया जाएगा।
> –**वंदना**, जिलाधिकारी नैनीताल

व्यापारी वर्ग ने जताई प्रसन्नता : चार धाम यात्रा को रामनगर से शुरू किए जाने की संभावना से ही व्यापारी समाज ने प्रसन्नता व्यक्त की है। स्थानीय व्यापारी सलभ मित्तल, विकास अग्रवाल, राजीव माहेश्वरी, निवर्तमान सभासद शिवि अग्रवाल, अतुल अग्रवाल ने सीएम का आभार जताया।

मार्ग को दुरुस्त किये जाने की जरूरत

सर्वे के मुताबिक मार्ग बेहद सकरा है। जिसे दुरुस्त किए जाने की जरूरत है इसमें एक दिन में 150 तक बसें और 300 तक छोटे वाहनों को चलाया जा सकता है। यह यात्रा रामनगर की सिंचाई विभाग और डिग्री कालेज की भूमि से शुरू किया जा सकता है। यहां पर वाहनों को खड़ा किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रा शुरू करने से पहले कई सुविधाओं को जुटाना होगा। कोई यात्री इस मार्ग में रुकना चाहता है तो उसके रुकने की व्यवस्था बनानी होगी। मार्ग पर धर्मशालाओं, होटलों व शौचालयों आदि की कमी है। मार्ग में श्रद्धालुओं के भोजन आदि की व्यवस्था के साथ वाहनों को ठीक करने के लिए गैराज आदि की भी व्यवस्था करनी होगी। वापसी वाले वाहनों को इस मार्ग से निकाला जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि ऋषिकेश चारधाम यात्रा मार्ग पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए रामनगर वाले रोड का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें चारधाम यात्रा से वापस लौट रहे दिल्ली, यूपी वाले वाहनों को निकाला जा सकता है। कर्णप्रयाग से करीब पांच घंटे में श्रद्धालु वाहन से रामनगर पहुंच सकते हैं। इसके बाद दिल्ली के लिए जा सकते हैं। इस व्यवस्था को शुरू करने में ज्यादा समस्या नहीं है। इसके लिए आवश्यक सुविधाएं, पंजीकरण केंद्र, शौचालय, पार्किंग स्थल आदि का पर होमवर्क किया जा रहा है। सड़क मार्ग की स्थिति के सुधारीकरण पर भी प्रस्ताव तैयार हो रहा है।

वेतन और दोबारा नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन

आउटसोर्स कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू किया

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : लंबे समय से वेतन न दिए जाने व पुनः नियुक्ति न होने से नाराज वन विकास निगम के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर वन विकास निगम के डिपो संख्या-5 पर एकत्र होकर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। दो दर्जन से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

निगम कर्मियों का कहना था कि 31 मार्च 2024 को आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवा समाप्त होने के बाद उनको मौखिक आश्वासन के आधार पर कार्य करने को कहा जा रहा था, परंतु बुधवार तक उनकी पुनः सेवा विस्तार की स्वीकृति नहीं आई है, जिस कारण उन्हें अप्रैल से वेतन भी नहीं मिल पा रहा है। बिना वेतन के काम करने के चलते उनके परिवार के समक्ष रोजी-रोटी का संकट आ गया है, जबकि

डिपो संख्या–5 के मुख्य द्वार पर कार्य बहिष्कार करते वन विकास निगम के कर्मचारी।

मुख्यमंत्री एवं सरकार द्वारा कई बार उन्हें आश्वासन दिया जा चुका है। इसके बावजूद उनकी स्वीकृति न मिलने के बाद समस्त कर्मचारी अनिश्चितकाल के साथ ही कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू कर रहे हैं।

इधर आंदोलनकारी कर्मचारियों ने वन विकास निगम की डीएसएम को भी ज्ञापन के माध्यम से कार्य बहिष्कार की जानकारी दी। प्रदर्शनकारियों में प्रमुख रूप से गणेश खाती, पंकज जोशी हिमांशु, बॉबी पवार, गिरीश जोशी, पंकज उपाध्याय, विकी, देवेंद्र जोशी पवन कुमार, दीपक भट्ट और पंकज कुमार आदि कर्मचारी शामिल थे। इधर वन विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश आर्य ने बताया कि वर्तमान में वन निगम द्वारा आउटसोर्स कर्मचारी को लेकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, शासन स्तर पर निर्णय होना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से वन निगम की चट्टाबंदी का कार्य फिलहाल प्रभावित होगा।

राज्यपाल को जांच के लिए ज्ञापन दिया

लालकुआं : नगर कांग्रेस कमेटी ने नीट में हुई धांधली की जांच कराने एवं दूध व टोल टैक्स के दामों में की गई बढ़ोत्तरी वापस लेने की मांग की। इसको लेकर तहसील के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

नगर के आसपास के कांग्रेसी बुधवार प्रातः 10 बजे तहसील प्रांगण में एकत्र हुए। ज्ञापन सौंपने वालों में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवन पांडे, पूर्व अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, हेमवतीनंदन दुर्गापाल, बिंदुखत्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर दानू, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, कमलेश यादव, कुंदन सिंह मेहता, रूप सिंह जीना, गंगा सिंह मेहरा, गुरुदयाल सिंह मेहरा आदि उपस्थित थे।

एसडीएम कार्यालय के बाहर एकत्र हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारी।

जम्मू में आतंकी हमले के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

रामनगर, अमृत विचार : बीते दिनों जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी की धार्मिक यात्रा के समय श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकी हमले से गुस्साए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की है। स्मरण रहे की पाक प्रयोजित आतंकियों ने जम्मू कश्मीर में कटरा से शिवखोड़ी जाते समय बस में सवार निहत्थे श्रद्धालुओं पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर बीस यात्रियों को मौत के घाट उतार डाला था। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सूरज चौधरी, हिरदेश शर्मा, कल्पना वर्मा, विशाल, आकाश, सुचिता, फूल कुमार, बब्बू कश्यप रोहित और नमन मौजूद रहे।

पदोन्नति का लाभ नहीं मिलने पर दी चेतावनी

रामनगर, अमृत विचार: उत्तराखंड वन विकास निगम मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ ने पदोन्नति में शिथिलीकरण का लाभ न मिलने पर आंदोलन धमकी तक दे डाली है। संघ ने पदोन्नति शिथिलीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए वन निगम प्रबंधन को दस दिन की मोहलत दी है। मांग नहीं मानी जाने आर पार की लड़ाई का एलान किया है।

संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले दिनों रामनगर में वन निगम मिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के कुमाऊं क्षेत्र की बैठक हुई। वक्ताओं का कहना था कि 29 दिसंबर 2023 को जारी शासनादेश के बाद भी उत्तराखंड सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली 2023 का लाभ वन विकास निगम के मिनिस्ट्रीयल और अन्य कर्मियों को नहीं दिया गया है। बैठक में कहा गया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद शासन से 30 जून तक पदोन्नति में शिथिलीकरण देने के लिए निर्देश दिए गए हैं, लेकिन वन विकास निगम प्रबंधन ने इस दिशा में कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है।

बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि दस दिन के भीतर वन निगम प्रबंधन ने इस दिशा में प्रकिया शुरू नहीं की गई तो 25 जून के बाद मिनिस्ट्रीयल संघ आंदोलन करने को विवश होगा। इस दौरान विनोद कुमार पंत, चतुर सिंह नेगी, उमेश चंद्र बर्थवाल, देवेंद्र दानी, सुरेंद्र गिरी, अंकित चंद, गिरीश चंद्र, यशवर्धन जौहरी, कमलेश फत्र्याल, गौरव जोशी, अमित पांडे मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

शर्मनाक
- सहेली के घर से लौटते वक्त आरोपी ले गया था अपने साथ
- आठ दिन बाद भाई को बताई पीड़ा, पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार : सहेली के घर से लौट रही नाबालिग से उसके जानने वाले युवक ने दुष्कर्म किया और फिर सहेली के घर छोड़ दिया। आठ दिन बाद परिजनों को पता लगा तो वह पीड़िता के साथ कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि आठ दिन पूर्व उसकी बहन देवलचौड़ क्षेत्र में रहने वाली अपनी सहेली के घर गई थी। वह वहां से लौट रही थी तो रास्ते में सूरज नाम का युवक मिला, जिसे पीड़िता पहले से जानती थी। आरोप है कि सूरज उसे झूठ बोलकर अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसे जान से मारने की धमकी दी और यह बात किसी को न कहने की बात कही। जिसके बाद वह पीड़िता को टेंपो से उसकी सहेली के घर छोड़ आया। जहां से पीड़िता अपने घर पहुंची, लेकिन डर की वजह से यह बात किसी को नहीं बताई। आठ दिन बाद पीड़िता ने यह बात अपने भाई को बताई तो वह बहन को लेकर कोतवाली पहुंचा। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

युवती से नशे में दुष्कर्म की कोशिश, तीन पर मुकदमा

हल्द्वानी, अमृत विचार : एक युवती से उसके महिला रिश्तेदार के घर में दुष्कर्म की कोशिश की गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने महिला रिश्तेदार समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता मूल रूप से मुक्तेश्वर की रहने वाली है। आरोप है कि उसकी रिश्तेदार मीनाक्षी तीनपानी में रहती है। मीनाक्षी ने उसे दुग्ध संघ में ट्रेनिंग की बात कहकर बुलाया और जब वह यहां पहुंची तो कहा कि ट्रेनिंग रद हो गई है। आठ जून को मीनाक्षी अपने दो दोस्त भाष्कर, प्रशांत और पीड़िता के साथ घूमने गई। एक रेस्टोरेंट में झूठ बोलकर उसे शराब पिलाई। रात वह घर पहुंचे और सभी एक कमरे में सो गए। रात भाष्कर ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की कोशिश। विरोध करने पर उसके कपड़े फाड़ दिये और तीनों ने मिलकर उसे पीटा। धमकी दी कि अगर उसने मुंह खोला तो वह उसे व उसके परिवार को जान से मरवा देंगे। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रेशर कम होने से नहीं पहुंच रहा पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पेयजल लाइनों में प्रेशर कम होने के कारण घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पेयजल लाइनों में लीकेज होने की वजह से समस्या और भी बढ़ रही है।

बुधवार को जल संस्थान के शिकायती कंट्रोल रूम में बड़ी संख्या में लोगों ने पानी न आने की शिकायत दर्ज कराई। पीलीकोठी स्थित ऑफिसर्स एनक्लेव फेस-2 के निवासी भगत सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से जल आपूर्ति के समय पाइप लाइन से प्रेशर के चलते पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कई बार कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। राजपुरा लाइन नंबर एक निवासी शिवम ने बताया कि पाइप लाइन लीक होने के चलते पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

ई रिक्शा में पानी ढोते गौला गेट निवासी।

पानी का टैंकर पहुंचते ही उमड़ती है भीड़

हल्द्वानी : पानी का संकट झेल रहे इलाकों में जल संस्थान का टैंकर पहुंचते ही लोगों की भीड़ टूट पड़ती है। गौलागेट, भगवानपुर, ईसाई नगर, दमुवाढूंगा, राजपुरा समेत कई इलाकों में टैकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। बुधवार को इंदिरानगर में टैंकर पानी लेकर पहुंचा तो लोगों की भीड़ पानी भरने के टूट पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद लोग 1 या 2 बाल्टी पानी भरने में सफल हुए। आबादी अधिक होने के कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया।

24 घंटे से पानी की आपूर्ति नहीं होने पर लोग नाराज

लालकुआं : नगर के वार्ड नंबर 6 से सट्टा मोहल्ला संजय नगर लाइन पार आदि क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से पानी की आपूर्ति न होने से क्षुब्ध कांग्रेसियों ने जल संस्थान पहुंचकर कर्मचारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए तत्काल पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की। इस आशय का ज्ञापन सौंपा। नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार को 11 बजे निवर्तमान सभासद योगेश उपाध्याय सहित करीब दर्जन भर लोग जल संस्थान कार्यालय लालकुआं पहुंचे, जहां उन्होंने संजय नगर लाइनपार वासियों की अपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि लाइन पार संजय नगर मोहल्ले में बीते 24 घंटे से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी है। ज्ञापन सौंपने वालों में निवर्तमान सभासद योगेश उपाध्याय, गोपाल दत्त जोशी, माया आजाद, विमला जोशी, विजय सामंत, हाजी अयूब अली, नगर कांग्रेस महामंत्री फिरोज खान आदि लोग शामिल रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

सार-संक्षेप

एमओयू दिखाते यूओयू के कुलसचिव व डीबीएस के प्राचार्य। ● अमृत विचार

यूओयू व डीबीएस कॉलेज के बीच हुआ एमओयू

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) और डीबीएस कॉलेज देहरादून के बीच अकादमिक व शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करने को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों संस्थानों के बीच हुए संयुक्त करार यूओयू के कुलसचिव प्रो. पीडी पंत एवं डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीपी पांडेय ने हस्ताक्षर किये। कुलसचिव प्रो. पंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अकादमिक और शोध गतिविधियों में गुणवत्ता और इन्हें प्रोत्साहन देने के लिए दूसरे संस्थानों से अनुबंध किये जाने पर जोर दिया गया है। कहा कि शिक्षा और शोध में सुधार लाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय लगातार अन्य संस्थानों से अनुबंध कर रहा है। इससे राज्य के अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और यूओयू के शिक्षार्थियों को लाभ मिलेगा।

गौला बैराज का जलस्तर 50 क्यूसेक पर स्थिर

हल्द्वानी : काठगोदाम गौला बैराज का जलस्तर 50 क्यूसेक पर स्थिर है। बीते एक सप्ताह में बैराज का जलस्तर तेजी से गिर रहा था। बारिश न होने के कारण पहाड़ों में जल स्रोत सूख रहे हैं। जिसके चलते गौला नदी के जलस्तर में भी लगातार गिरावट आ हरी है। गौला बैराज से शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट और सिंचाई के लिए नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती है। जलस्तर की कमी के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि 30 क्यूसेक पानी फिल्टर प्लांट को दिया जा रहा है। जबकि 20 क्यूसेक पानी सिंचाई की नहरों में छोड़ा जा रहा है। यदि शीघ्र ही बारिश नहीं हुई तो पानी की समस्या बढ़ सकती है।

शिविर में युवाओं ने बढ़चढ़ कर किया रक्तदान

हल्द्वानी : यूके 04 हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप ने रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें सीओ नितिन लोहनी समेत कई युवाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। नैनीताल रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शिविर के दौरान सीओ नितिन लोहनी ने कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है। रक्तदान कर हम किसी का जीवन बचा सकते हैं। ग्रुप के करन नेगी और योगेश शर्मा ने बताया कि हल्द्वानी में कुमाऊं भर के मरीज पहुंचते हैं। इसलिए यहां के ब्लड बैंकों में रक्त की कमी हो जाती है। शिविर में बालकिशन देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड बैंक का सहयोग रहा। इस दौरान भुवन चंद्र तिवारी, योगेंद्र बिष्ट, कमल सिंह धामी, पंकज तिवारी, देवेंद्र नेगी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान नृत्य की प्रस्तुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

धरती बचाने को कूड़ा न फैलाने का दिया संदेश

हल्द्वानी : धरती मां ट्रस्ट की ओर से पर्यावरण संस्कृति उत्सव का आयोजन प्राथमिक विद्यालय ससबनी मुक्तेश्वर में हुआ। इस दौरान नृत्य, संगीत, नाटक को लेकर प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिसमें स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष बीएस बिष्ट ने कहा कि प्रकृति को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कूड़े की समस्या का अंत करना होगा। इस दौरान हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम पुरस्कर जीआईसी सुंदरखाल, द्वितीय पुरस्कार जीआईसी काशियालेख और तृतीय पुरस्कार स्थानीय महिला समूह को मिला। कार्यक्रम में तुलसी देवी, पूरन सिंह बिष्ट, पुष्पा सुयाल, लाल सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, सह अध्यापक रविकांत यादव, कुंदन सिंह बिष्ट, प्रकाश चंद्र दानी, चंपा बिष्ट, मुन्नी देवी थे।

नवीन मंडी में बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष, पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य।

सब्जी वाहनों के लिए ग्रीन जोन बनाने की मांग

हल्द्वानी : नवीन मंडी गेस्ट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष, फल-सब्जी कारोबारी व पुलिस प्रशासन के बीच बुधवार को बैठक हुई। जिसमें पर्यटन सीजन व कैंची धाम मेले के चलते पर्वतीय क्षेत्रों को सब्जी ले जाने वाले वाहनों के लिए ग्रीन जोन बनाए जाने की मांग की गई। मंडी कारोबारियों ने कहा कि रोजाना कई वाहन पर्वतीय क्षेत्रों के लिए सब्जी लेकर निकलते हैं, लेकिन काठगोदाम, भीमताल, भवाली, कैंची व गरमपानी क्षेत्र में वाहनों को जाम में फंसना पड़ता है। भीषण गर्मी के मौसम में अधिकांश सब्जियां खराब हो जा रही हैं। कहा कि यही परेशानी पहाड़ से मंडी सब्जी लेकर आने वाले वाहनों को होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने पुलिस प्रशासन से सब्जी वाहनों को जाम से निजात दिलाने व उन्हें बेवजह नहीं रोकने की मांग की। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी, आलू फल व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश जोशी, दीपक पाठक, दुर्गा तिवारी, जीवन कार्की, नवीन गोश्वामी, मदन पांडे, कैलाश लोहनी आदि मौजूद रहे।

कनिष्ठ अभियंताओं को मिली पदोन्नति

हल्द्वानी : सिंचाई विभाग में कार्यरत डिप्लोमाधारी 14 कनिष्क अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति का आदेश बुधवार को अपर सचिव गरिमा रौंकली ने जारी कर दिया। पदोन्नति पाने वाले अभियंताओं में नैनीताल जिले से मनोज तिवारी, भाष्कर कांडपाल, हिमांशु कांडपाल, विमल जोशी, नीरज सिंह, महेंद्रपाल सिंह शामिल हैं।

तिकोनिया चौराहे से रोडवेज बस स्टेशन तक हटेगा अवैध वर्कशॉप

नगर निगम के अधिकारियों ने लिया अमृत विचार में प्रकाशित खबर का संज्ञान

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तिकोनिया चौराहे से रोडवेज बस स्टेशन तक बने अवैध वर्कशॉप के खिलाफ नगर निगम प्रशासन जल्द बड़ी कार्रवाई करेगा। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में शीघ्र ही सिटी मजिस्ट्रेट और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक होगी। जिसमें अवैध वर्कशॉप को हटाने की रणनीति बनाई जायेगी।

तिकोनिया चौराहे से रोडवेज बस स्टेशन तक दोपहिया, चार पहिया व बसों आदि की मरम्मत का कार्य सड़क पर होता है। जिससे यहां अक्सर जाम लगा रहता है। बीती 11 जून को अमृत विचार समाचार पत्र ने 'सड़क पर की जा रही गाड़ियों की मरम्मत व डेंटिंग-पेंटिंग' शीर्षक से मामले को प्रमुखता से उठाया था। खबर का संज्ञान लेते हुए नगर निगम प्रशासन अवैध वर्कशॉप को हटाने की तैयारी में जुट गया है। तिकोनिया से रोडवेज स्टेशन तक नगर निगम की करीब 70 दुकानें हैं, जिनकी आड़ में दुकानदारों ने पूरी सड़क पर कब्जा जमा लिया है। खास बात यह है कि ट्रांसपोर्ट नगर बनने के बाद शहर में कहीं भी वाहनों की मरम्मत का कार्य नहीं होना था, लेकिन इसके बावजूद धड़ल्ले से सड़क पर कब्जा कर वाहनों की मरम्मत की जा रही है। इसी सड़क से रोडवेज, केमू बस और अन्य सवारी वाहन पर्वतीय मार्गों को जाते हैं, लेकिन सड़क पर अतिक्रमण होने से कई बार वाहनों को जाम में फंसना पड़ता है।

सड़क पर मरम्मत के लिए खड़े वाहन। जिनसे आये दिन जाम लगता है।

> तिकोनिया चौराहे से रोडवेज बस स्टेशन तक बने वर्कशॉप के संबंध में शीघ्र ही सिटी मजिस्ट्रेट और लोनिवि के अधिकारियों से चर्चा की जायेगी। इसके बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा।
> – **विशाल मिश्रा**, आयुक्त नगर निगम

सड़क पर की जा रही गाड़ियों की मरम्मत व डेंटिंग-पेंटिंग

फुटपाथ पर तेलों और स्प्रेयर वालों का कब्जा, 40 से 100 फीट चौड़ी सड़क पर पैदल चलना भी दूभर, जिम्मेदार अधिकारी साधे हैं मौन

नगर निगम की दुकानों की आड़ में होता अतिक्रमण

बोले अधिकारी

अमृत विचार में पूर्व में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार

आवंटित दुकानों को बना दिया गोदाम

हल्द्वानी : शहर में एक ही स्थान पर छोटे-बड़े वाहनों की मरम्मत हो, इसके लिए ट्रांसपोर्ट नगर बनाया गया था। वाहनों से संबंधित अलग-अलग कार्य करने वाले लोगों को यहां 878 दुकानें आवंटित की गई थीं, लेकिन वर्तमान में 60 प्रतिशत दुकानें ही खुलती हैं। बाकी दुकानों में लोगों ने गोदाम बना दिए हैं या फिर किराए पर चढ़ा रखी हैं।

कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

भूमि विक्रेता से महिला को वापस दिलवाए 11 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने बुधवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई की। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।

जन सुनवाई में देवकी देवी निवासी बजूनिया हल्दू कालाढूंगी ने बताया कि उन्होंने 27 दिसंबर 2023 को योगेश चन्द्र से 11 लाख रुपये में भूमि क्रय की थी। विक्रेता के पुत्र एवं पुत्री के धनराशि विवाद के चलते कब्जा नहीं मिल सका है। मंडलायुक्त ने तहसीलदार कालाढूंगी को जांच कर आख्या पेश करने करने के निर्देश दिए थे। बाद में उन्होंने तीनों पक्षों को तलब कर 11 लाख की धनराशि पुत्र, विक्रेता की माता को बराबर देने के निर्देश दिए थे, लेकिन विवाद निस्तारित नहीं हो सका। इस पर योगेश ने देवकी देवी के 11 लाख रुपये लौटा दिए। देवकी देवी ने रुपये मिलने पर मंडलायुक्त का आभार जताया है।

जयश्री व सुमन निवासी लालपुर रुद्रपुर ने बताया कि दोनों ने मिलकर अलास्का रेजीडेंसी लालपुर में प्लाट क्रय किए थे। जयश्री ने 133 गज का प्लाट 6.60 लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने रकम का भुगतान कर दिया, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बाद भी रेजीडेंसी प्रबंधक रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। इस पर आयुक्त ने अलास्का रेजीडेंसी के प्रबंधक को तलब किया। तब प्रबंधक ने सोमवार तक रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही। वहीं सुमन ने 100 गज का प्लाट 3.50 लाख में खरीदा था, इसकी रजिस्ट्री हो गई। इस दौरान ऊधम सिंह नगर के एडीएम नजूल पंकज उपाध्याय, तहसीलदार संजय कुमार, सचिन कुमार मौजूद थे।

शिप्रा नदी में सफाई कर मनाया जल उत्सव

हल्द्वानी: स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन प्राधिकरण देहरादून की ओर से राइंका रातीघाट में जल उत्सव सप्ताह मनाया गया। इसके तहत शिप्रा नदी क्षेत्र में जल संरक्षण, संवर्धन और सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुखमय जीवन के लिए हमें जल संरक्षण करना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी सरकार की ही नहीं हम सबकी है। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने लोगों से जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। इस दौरान हिमांशु जोशी, गोपाल गिरी गोस्वामी, प्रभारी ईओ अतुल भंडारी, अनिता सक्सेना, डॉ. एसके उपाध्याय, जगदीश नेगी मौजूद थे।

नदियों के चैनलाइजेशन पर दो सप्ताह में रिपोर्ट दे सरकार

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने नंधौर नदी समेत प्रदेश की अन्य नदियों के चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत कार्य एवं मलबा नहीं हटाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से इस मामले में दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई एक जुलाई को होगी। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी शिकायत महाधिवक्ता कार्यालय में रिसीव कराने के निर्देश दिए। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी शिकायत महाधिवक्ता कार्यालय में रिसीव कराई।

याचिकाकर्ता ने प्रकरण को अति महत्वपूर्ण बताते हुए कोर्ट में मेंशन किया था। उन्होंने महाधिवक्ता कार्यालय से प्राप्त आरटीआई की प्रति पेश कर कहा कि महाधिवक्ता कार्यालय की ओर से पूर्व के आदेशों का अनुपालन कराने के लिए 9 व 18 अगस्त 2023, 22 सितंबर 2023, 15 व 19 फरवरी 2024 व 10 मई 2024 को राज्य सरकार को पत्र भेजा गया, परन्तु उसके बाद भी कोई बाढ़ राहत कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं। सिंचाई विभाग ने भी माना है कि बजट नहीं मिलने से 7 जून 2024 तक किसी भी प्रकार का बाढ़ सुरक्षा काम नहीं हुए हैं। मानसून आने में कुछ ही समय बचा हुआ है। इसलिए मामले की शीघ्र सुनवाई की जाए।



चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि नंधौर, गौला, कोसी, गंगा, दाबका में हो रहे भूकटाव व बाढ़ से नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने से और उनका चैनलाइजेशन नहीं होने से आबादी क्षेत्रों में जलभराव, भूकटाव हो रहा है। हाईकोर्ट के पूर्व के आदेशों का अनुपालन भी नहीं किया गया है, जबकि उन्होंने याचिका में कहा था कि 15 जून के बाद मानसून शुरू हो जाएगा। लिहाजा पूर्व के आदेशों का पालन शीघ्र कराया जाए, ताकि पूर्व में आई आपदा जैसी घटना फिर से न घटित हो।

18 जून तक सिंचाई शोध संस्थान रुड़की आवास आवंटन में स्थिति स्पष्ट करे

नैनीताल, अमृत विचार : हाईकोर्ट ने सिंचाई शोध संस्थान रुड़की के 100 से अधिक आवासीय भवनों को संपन्न व्यक्तियों, पूर्व विधायकों, महापौर, राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बाजार मूल्य से कम न्यूनतम दरों पर देने के मामले में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से 18 जून तक इस पर स्थिति स्पष्ट करने के आदेश दिए हैं। साथ ही राज्य सरकार से इन आवासों के आवंटन की नीति के बारे में भी जवाब मांगा है। कड़े लहजे में कहा कि यदि यह नीतिगत निर्णय है तो नियम विरुद्ध आवास आवंटित करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही कर रिपोर्ट पेश की जाए। मामले के अनुसार विधि के छात्र रितिक निषाद ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि सचिव सिंचाई, अधिशासी अधिकारी सिंचाई शोध संस्थान रुड़की व सचिव हाउसिंग अलॉटमेंट कमेटी ने वर्ष 2004 से 2021-22 तक गैर सरकारी व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, एलआईसी कर्मियों, राजस्व, वन, व्यापार कर विभाग के कर्मचारियों को आवास आवंटित किए। इसमें हरिद्वार जनपद के कई विधायकों मदन कौशिक, प्रणव सिंह चैम्पियन, कुंवर दिव्य प्रताप सिंह चैम्पियन, प्रदीप बत्रा, फुरकान अहमद, सरबत करीम अंसारी, अमरीश कुमार, फिरदौस, ब्रह्मदत्त त्यागी, आईपीएस मंजूनाथ, दिल्ली के संयुक्त सचिव ऊर्जा विनोद कुमार मित्तल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मीनाक्षी, अधिवक्ता अरविंद गौतम, श्यामवीर, आशीष सैनी नाम प्रमुख हैं। इनमें कइयों ने लंबे समय से किराया भी जमा नहीं किया है। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से शपथ पत्र पेश कर यह बताने को कहा है कि इन लोगों को किस नीति के तहत मकान आवंटित किए गए।

कॉलोनी में जलभराव की समस्या होगी दूर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी चतुर्थ वार्ड 54 की शिवाजी कॉलोनी में जलभराव की समस्या का जल्द समाधान किया जायेगा। यह बात नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान लोगों से कही।

बुधवार को नगर आयुक्त मिश्रा उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (टीसीएस) के अधिकारियों के साथ वार्ड 54 का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड के लोग लंबे समय से जलभराव की समस्या से परेशान थे। बीते दिन लोगों ने चौपाल में नगर निगम के अधिकारियों के सामने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। नगर आयुक्त ने जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों के साथ चर्चा की। साथ ही लोगों को समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान लोगों ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा कि कुछ लोग अपने घरों का पानी सड़क पर डाल देते हैं, जिससे अक्सर जलभराव की स्थिति रहती है। जिस पर नगर आयुक्त ने लोगों से पानी सड़क पर न डालने की अपील की। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सहायक अभियंता नवल नौटियाल, यूयूएसडीए के सहायक अभियंता दीनदयाल पांडे, रोहित जोशी मौजूद रहे। इसके बाद नगर आयुक्त ने रकसिया नाले की सफाई का भी जायजा लिया।

वार्ड 54 की शिवाजी कॉलोनी में हुए जलभराव का दृश्य, जिस कारण लोगों को आये दिन परेशानी उठानी पड़ती है। ● अमृत विचार

महीनों से खराब स्ट्रीट लाइटें ठीक करने की मांग

हल्द्वानी, अमृत विचार : नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को बिठौरिया पूर्वी वार्ड 47 व बमौरी मल्ली वार्ड 48 में चौपाल लगाई। इस दौरान लोगों ने महीनों से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की मांग उठाई। वार्ड 48 के निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मुकुल बल्यूटिया ने कहा कि करीब 28 स्ट्रीट लाइटें खराब हैं, जिस कारण लोगों को रात के समय आने-जाने में परेशानी होती है। इस पर नगर निगम के अधिकारियों ने ईएसएल कंपनी के अभियंता को फोन किया। अभियंता ने 42 घंटे के अंदर सभी लाइटों को ठीक करने का आश्वासन दिया। एलएस अधिकारी ने अमरावती कॉलोनी में सड़क ऊंची नीची होने से जलभराव की समस्या बताई। साथ ही वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वहीं वार्ड 47 में निवर्तमान पार्षद दीपक बिष्ट ने मानस विहार, जगदंबा विहार, आनंद विहार में पेयजल की समस्या बताई। चौपाल में नगर निगम के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, विद्युत निरीक्षक डीएस परमार, सफाई निरीक्षक चतर सिंह मौजूद रहे।

बेड बढ़ाने में देरी से नहीं बढ़ पा रहीं एमबीबीएस की सीटें

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में एमबीबीएस सीटों को बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। यहां वर्तमान में एमबीबीएस की 100 सीटें हैं, जिन्हें 150 तक करने की प्रक्रिया चल रही है। नियम के तहत अस्पताल में बेडों की संख्या बढ़ने के बाद ही एमबीबीएस की सीटें बढ़ पाएंगी। बेड बढ़ाने के लिए जिस भवन को बनाया जा रहा है, वह मामला देरी से चलने की वजह से सीटों की बढ़ोत्तरी लटकी हुई है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) में 750 बेड हैं। यहां कुमाऊं के अलावा उत्तर प्रदेश से मरीज आते हैं। इस वजह से आईपीडी में बेडों की दिक्कत रहती है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन कॉलेज में एमबीबीएस की मौजूद 100 सीटों को बढ़ाकर 150 तक करना चाहता है। लेकिन नेशनल मेडिकल काउंसिल ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के सामने शर्त रखी कि उसके अधीन एसटीएच में बेडों की संख्या बढ़ाने के बाद ही एमबीबीएस की सीटें बढ़ाई जा सकती हैं।

> 90 बेड बढ़ाने के लिए कार्य चल रहा है। जैसे ही कार्य पूरा हो जाएगा, मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया जाएगा। –**डॉ. अरुण जोशी**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी

इसे देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने अस्पताल के लिए 90 बेड का नया भवन तैयार करना शुरू किया। इसमें सामान्य मरीजों को भी भर्ती किया जाना था। इस भवन को पिछले वर्ष दिसंबर माह में ही बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन अभी तक नहीं हुआ है। इस वजह से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने का मामला लटका हुआ है।

जिला सहकारी बैंक सभागार में बैठक करते सीडीओ अशोक पांडे व अन्य।

योग दिवस पर होगा भव्य कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में प्रस्तावित योग कार्यक्रम के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीडीओ ने बैठक कर मातहतों को जिम्मेदारियां सौंपी।

बुधवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में हुई बैठक में सीडीओ अशोक पांडे ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में मुख्य कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में 2000 से अधिक लोग शामिल होंगे।

इतनी संख्या में लोगों को योग कराने के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किए जाएं। प्रत्येक प्रतिभागी के लिए टीशर्ट व खानपान का इंतजाम किया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने कार्यक्रम के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. एमएस गुंज्याल को नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में अधिकाधिक बच्चे हिस्सा लें, ताकि वे योग के प्रति जागरूक हो सकें।

इस दौरान परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, सीओ नितिन लोहनी, आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट किशन सिंह, डॉ. राजेश त्रिपाठी, एआरटीओ विमल पांडे, पीआरओ आलोक उप्रेती, बीडीओ आरसी जोशी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
National Institute of Open Schooling (NIOS)
10th and 12th पास करने का अंतिम मौका!
फेल हुए विद्यार्थी अपना साल बचायें।
8th फेल 10th करें
11th फेल 12th करें
NIOS या कोई अन्य बोर्ड परीक्षा में फेल हुए छात्रों के लिए पास होने का सुनहरा अवसर!
NIOS on Demand Exam (फॉर्म भरे जा रहे हैं)
NAWABI ROAD, KHANDELWAL COMPLEX, OPP. JAI DURGA COLONY, HALDWANI
E-mail ID : educationpoint72@gmail.com
सम्पर्क करें : 9068543067, 9105528933

एक नजर

सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के पंकज दोबारा बने मीडिया प्रभारी

पंकज अरोरा।

रुद्रपुर : सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के पदाधिकारियों की एक बैठक गदरपुर समिति में आयोजित हुई। इसमें संगठन के अध्यक्ष प्रकाश जोशी व सचिव शुभम त्यागी ने पंकज अरोरा को एक बार पुन : मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उनका कहना था कि पंकज अरोरा ने पिछले कार्यकाल में संगठन की प्रत्येक बैठक व कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से मीडिया के माध्यम से विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाया है। इसलिए उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए दोबारा से उन्हें नैनीताल व ऊधमसिंह नगर यूनियन का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष हरीश जोशी, उपसचिव सुरेंद्र पाल सिंह, रमेश जोशी, रमन चौधरी, शुभम चौधरी, दिलजीत सिंह, दिनेश कुमार, सचिन कुमार, इकबाल अहमद, सतीश जोशी, ऋषभ शर्मा, तस्वीर हुसैन, चेतन बामेटा, लोकेश भट्ट, रेखा राठी आदि मौजूद थे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दोबारा करें निरीक्षण

दैवीय आपदा की समीक्षा बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सुरक्षात्मक कार्यों पर रखा जाए ध्यान

बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए दैवीय आपदा (बाढ़) को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दोबारा से सभी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण करें। साथ ही ऐसे क्षेत्र जहां पर पिछले वर्ष जलभराव एवं बाढ़ का अधिक प्रभाव रहा है वहां पर सुरक्षात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों, सिंचाई, लोनिवि, नगर पालिका, नगर पंचायत, नगर निगम से समन्वय बनाकर कार्य करते रहें। इसके लिए प्रशासन व राज्य सरकार किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने विगत वर्ष काशीपुर, बाजपुर, सितारगंज और खटीमा आदि क्षेत्र में बाढ़ के कारण हुई क्षति का ध्यान रखते हुए दोबारा इस प्रकार की क्षति का न्यूनीकरण करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा उठाए गए कदमों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान उन्होंने सारा (स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी) के तहत जल संरक्षण के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही रिचार्ज पीट, रिचार्ज शाफ्ट, पौधरोपण आदि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी कार्य करते रहें। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, एसई लोनिवि हरीश कुमार, सिंचाई पीके दीक्षित, ईई सिंचाई पीसी पांडे, लोनिवि ओपी सिंह, अरुण कुमार, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट आदि मौजूद थे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

30 सितंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं बॉयलर अपग्रेडेशन के कार्य : डीएम

रुद्रपुर : जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर उदयराज सिंह ने सहकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिल किच्छा और नादेही में स्थापित बॉयलरों को अपग्रेड करने के लिए बॉयलर अपग्रेडेशन कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की जाए कि 30 सितंबर तक बॉयलर अपग्रेडेशन से संबंधित सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। बुधवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर ने चीनी मिलों के अधिकारियों एवं अधिकृत फर्म के प्रतिनिधियों से कहा कि 30 सितंबर 2024 से बॉयलरों का ट्रायल कार्य प्रारंभ करते हुए 15 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए। ताकि आगामी पेराई सत्र 2024-25 में मिल का संचालन सुचारू रूप से करते हुए बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस अवसर पर प्रभारी महाप्रबंधक उत्तराखंड शुगर विजय पांडे, प्रधान प्रबंधक चीनी मिल नादेही दिनेश प्रताप सिंह समेत चीनी मिल नादेही व किच्छा के मुख्य अभियंता, मुख्य रसायनविद, मुख्य लेखाकार एवं बॉयलर अपग्रेडेशन कार्य की अधिकृत फर्म मैसर्स थर्मो फैब इंजीनियर्स, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

10 दिन देरी से पहुंच सकता है मानसून, गर्मी से राहत नहीं

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: भीषण गर्मी से राहत देने के लिए इस साल मानसून 10 दिन देरी से तराई में पहुंचेगा। जिसका पूर्वानुमान जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि मानसून बंगाल की खाड़ी के आस-पास रुक गया है। उन्होंने कहा कि मानसून की स्थिति को देखते हुए आशंका लगाई जा रही है कि मानसून तय समय से 10 दिन बाद तराई में पहुंचेगा।

जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी मानसून सीजन आने को है। उन्होंने बताया कि इस साल 15 से 20 जून के बीच मानसून को तराई में पहुंचा था, लेकिन बंगाल की खाड़ी में चल रही हवाओं से मानसून मौजूदा समय में खाड़ी के आस-पास रूका है। उन्होंने बताया कि मानसून को तराई में पहुंचने में 10 दिनों की देरी हो सकती है। बताया कि 30 जून के आसपास मानसून के तराई में पहुंचने की आशंका है।

मौसम का मिजाज

- तराई में गर्म हवा चलने से लोगों का हाल बेहाल
- बंगाल की खाड़ी के पास रुक गया मानसून

काशीपुर में 43 डिग्री के पार पहुंचा पारा

काशीपुर : जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को तराई का अधिकतम तापमान 43 .5 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 23 .4 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही आठ किलोमीटर की रफ्तार से हिट वे चली। उन्होंने बताया कि अगले चार दिन भी तराई में मौसम गर्म ही रहेगा।

पंत विवि से लापता छात्र हरिद्वार में मिला

संवाददाता पंतनगर

राघवेंद्र सिंह परमार।

अमृत विचार: विवि के छात्रावास से शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एमटेक छात्र राघवेंद्र सिंह परमार को बुधवार की दोपहर जीआरपी ने हरिद्वार रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस टीम परिजनों के साथ छात्र को सुपुर्दगी में लेने के लिए हरिद्वार रवाना हो गई है।

त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघवेंद्र सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है। वह शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। राघवेंद्र शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, उसका मोबाइल भी बंद था। वार्डन और सुरक्षा कर्मियों ने राघवेंद्र की संभावित जगहों पर तलाश के बाद छात्र के गायब होने की सूचना उसके परिजनों सहित पुलिस को दी। शनिवार को छात्र के परिजन भी पंतनगर पहुंच गए। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस और विजिलेंस सहित जांच अधिकारी एसआई दिनेश रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने छात्र की सकुशल बरामदगी की कमान खुद संभाली। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस छात्र के मोबाइल और उसके बैंक अकाउंट पर नजर रखे थी। उन्होंने रेलवे के व्हाट्सअप ग्रुप में छात्र की गुमशुदगी और एक लाख रुपये इनाम संबंधी इश्तहार प्रसारित कर दिया। जिसका सभी आरपीएफ और जीआरपी अधिकारियों ने संज्ञान लिया और जीआरपी को हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर छात्र को पकड़ने में सफलता मिली।

बीमारी से तड़पती रही पत्नी, पीटता रहा पति

रुद्रपुर: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां बीमारी से ग्रसित पत्नी तड़पती रही और निर्दयी पति उपचार करने के बजाय उसे बेरहमी से पीटता रहा।

जनपद रोड फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैंप निवासी अनीता ने बताया कि पिछले काफी समय से वह रसौली की बीमारी से ग्रसित है। बीमारी के कारण वह तड़पती रहती है। आरोप था कि पति से कई बार इलाज कराने की गुहार लगाई। बावजूद पति मायके वालों से उपचार कराने की बात कहकर टालमटोल करता रहा। ज्यादा दबाव बनाने पर पति घर से चला गया और चार दिन बाद यानी सात जून की रात्रि एक बजे घर लौटा और आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप था कि पति ने बीमारी में तड़पने के बावजूद भी उसे कभी लात घूंसों तो कभी लोहे की राड से बेरहमी से पीटा। इससे वह बेहोश हो गई। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब मकान मालिक मौके पर आए और परिवार को सूचना दी। इसके बाद मायके वालों ने उसका उपचार करवाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

रुद्रपुर में डीडी चौक पर प्रदर्शन करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बाजपुर में एसडीएम कार्यालय परिसर में ज्ञापन सौंपते विहिप कार्यकर्ता।

लामबंद

- जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले से हैं आक्रोशित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले के खिलाफ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। विरोध में कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। बाद में आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस संबंधित में कार्रवाई को लेकर कार्यकर्ताओं ने एडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया है।

बुधवार को डीडी चौक पर प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में कई श्रद्धालु एक धार्मिक यात्रा पर जा रहे थे। इस बीच शिवखोड़ी के समीप आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला दीं। इससे बस खाई में गिर गई और 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की पनाह ले रहे आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए अन्यथा बजरंग दल के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिला धर्म प्रचार प्रमुख सुल्तान सिंह, नगर मंत्री सुदेव दास गुप्ता, बजरंग दल संयोजक आदित्य धीमान, नगर सेवा प्रमुख अखिलेश अग्रवाल, यश चौहान, सुधीर देवल, अजय पाल, मनीष कश्यप, इंद्रजीत सिंह, अनमोल त्रिपाठी, नागेंद्र गंगवार, मोहित आर्य, गौरव शर्मा, मनीष कोली, अनुभव पाल, सचिन वर्मा आदि मौजूद थे।

बाजपुर में विहिप कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

बाजपुर : जम्मू-कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर जा रहे हिंदू श्रद्धालुओं पर घात लगाए बैठे आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के विरोध में विहिप कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया। बुधवार को विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग के प्रांतमंत्री यशपाल राजहंस के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही एसडीएम की गैर मौजूदगी में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन पेशकार पवन कुमार को सौंपा। इस मौके पर राजेश कुमार पांडेय एडवोकेट, सुमित जोशी, वरुण वशिष्ठ, अरुण भारद्वाज, शिवा राजहंस, विकास प्रजापति, अभिषेक सिंह, रतन सिह, जोनी राजहंस, सुमित, विशाल कश्यप, सुरजीत, अमन वर्मा, गौरव कुमार, नितिन जोशी आदि मौजूद रहे।

डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा

जसपुर : सड़क दुर्घटना में हुई होम्योपैथी डॉक्टर नरेंद्र सिंह की मौत के मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के गांव लोंगी कला निवासी पुत्र अरविंद सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी माता का नाम गैरी देवी व जन्मतिथि 1-7-1962 दर्ज है जो गलत है। मेरी माता का सही नाम गेरकी व जन्मतिथि 1-1-1958 दर्ज करें।
- आर्मी नंबर 3202802P LHAV सहीराम

सूचना

मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम बेबी देवी BABy DEVI दर्ज है जो गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम बेबी देवी B E B Y DEVI दर्ज करें।
- आर्मी नंबर 3202802P LHAV सहीराम

सीओ-कोतवाल ने दिए बैंकर्स को कड़े निर्देश

मंथन

- ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी प्रकरण में हुई बैंकर्स की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पिछले कुछ दिनों से शहर में ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी होने और धोखाधड़ी के मामले आने के बाद कोतवाल परिसर में सभी बैंकर्स की एक बैठक हुई। इसमें जहां बैंकर्स को अधिकारियों को कड़े आदेश दिए। वहीं व्यापारी नेताओं ने सुझाव भी दिए।

बुधवार को सीओ निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार के अलावा व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा और कोषाध्यक्ष संदीप राय की मौजूदगी में बैंकर्स की एक बैठक हुई। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने बैंकों के प्रतिनिधियों को ड्रॉप बॉक्स में चेक डालने के बाद उसकी जिम्मेदारी बैंक की होती है। इसके अलावा कई कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन भी नहीं करते हैं। जिस पर सीओ निहारिका तोमर ने बैंकों के प्रतिनिधियों को आदेशित किया कि चेक की जिम्मेदारी बैंक की होती है। ऐसे में बैंक चेक ड्रॉप बॉक्स की सुरक्षा को कड़े कदम उठाए और सीसीटीवी निगरानी के लिए कर्मचारी को नियुक्त करें, जो संदिग्ध आने जाने वालों को चिह्नित करें। इसके अलावा सुरक्षा में तैनात गार्ड को बैंक का कार्य नहीं, बल्कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी होने के बाद केमिकल लगाकर फर्म का नाम बदलकर भुगतान करने का मामला बेहद गंभीर है। ऐसे में बैंक की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बाकी अपराध होने पर पुलिस भी सख्त कार्रवाई करेगी।

रुद्रपुर में बैंकर्स के साथ बैठक करतीं सीओ निहारिका तोमर व व्यापारी नेता।

रुद्रपुर में कुत्ते की मौत प्रकरण में पड़ोसी पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप में पड़ोसी द्वारा कुत्ते को पीट कर हत्या किए जाने के प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने पड़ोसी पर जानबूझकर कुत्ते की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। थाना ट्रांजिट कैंप वार्ड-सात आजादनगर निवासी रिंकू ने बताया कि दो जून की दोपहर साढ़े तीन बजे उस का कुत्ता घर के बाहर खड़ा था। तभी पड़ोसी तपन मंडल गली में आ रहा था जिसे देखकर कुत्ता भौंकने लगा। इसके बाद पड़ोसी कुत्ते को मारने लगा। यह देखकर उसका बेटा विक्रम बाहर निकला और कुत्ते को पीटने का विरोध करने लगा। आरोप था कि बेटे द्वारा पड़ोसी तपन से बार-बार कुत्ते को बेरहमी से नहीं पीटने की गुहार लगाता रहा। बावजूद पड़ोसी ने कुत्ते के सिर पर जोर से डंडे का प्रहार किया। जिससे उसके कुत्ते ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने मौका मुआयना किया और घटना की जानकारी लेने के बाद कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद तहरीर पर पड़ोसी तपन के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

मुखर | वेतनमान बढ़ाने सहित कई मुद्दे उठाए, एएलसी को ज्ञापन सौंपा

फार्मा कंपनी के श्रमिकों ने दिया धरना

रुद्रपुर में कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करते श्रमिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिडकुल की एक फार्मा कंपनी के भड़के श्रमिकों ने कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया और एएलसी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही मांगों पर गौर नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा।

बुधवार को सिडकुल सेक्टर पांच स्थित एक फार्मा कंपनी के श्रमिक कंपनी गेट पर एकत्रित हुए। जहां उन्होंने नारेबाजी कर अपना रोष जताया। उनका कहना था कि प्रदेश की धामी सरकार ने श्रमिकों का वेतनमान बढ़ाने का शासनादेश जारी किया था। बावजूद अभी तक श्रमिकों को आठ घंटे का 8700 रुपये वेतनमान दिया जा रहा है, जबकि शासनादेश में 15000 रुपये वेतन निर्धारित किया है।

उन्होंने शासन-प्रशासन व कंपनी प्रबंधन से शासनादेश के अनुसार मानदेय बढ़ाने, बढ़ा हुआ वेतन दिखाकर पीएफ काटने का गोलमाल बंद करने, प्रतिमाह ड्यूटी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो श्रमिक आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मनीष कुमार, ममता रानी, सुजीत सिंह, संजय कुमार, राजवीर सिंह, श्याम सिंह, अंकित कुमार, सोनू कुमार, गौरव सिंह, नेहा रानी, कल्पना सिंह, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

चोरी का सामान बेचने जा रहा आरोपी दबोचा

काशीपुर : पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का हार व एक बाइक बरामद की है। तलाशी में आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा भी मिला है। पूछताछ में उसने कुंडेश्वरी फेज-2 व यूपी के अफजलगढ़ में चोरी करने की घटना कबूली है। कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह मुनियाल व एसआई संतोष देवरानी पुलिस टीम के साथ मंगलवार को रामनगर रोड स्थित केला मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने सुपर स्पलेंडर बाइक पर सवार कचनालगाजी निवासी इरफान के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा बरामद किया। तलाशी में उसके पास से 15 .63 ग्राम का सोने का हार मिला। पूछने पर उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने कुंडेश्वरी में मुन्नी देवी के घर की चोरी का सामान बेचकर खरीदी थी। उसने बताया कि एक सप्ताह पूर्व उसने मोहल्ला अल्ली खां निवासी नाहिद के साथ मिलकर अफजलगढ़ के एक मकान में चोरी की थी। बरामद हुआ सोने का हार उसके हिस्से में आया था। जिसे वह बेचने के लिए रामनगर जा रहा था।

बिजली चोरी में सात लोगों पर मुकदमा

काशीपुर : बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों को विद्युत विभाग ने पकड़ा है। उपखंड अधिकारी तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शैलेंद्र कुमार सैनी उपखंड अधिकारी-द्वितीय जसपुर ने अपनी टीम के साथ ग्राम सरवरखेड़ा में छापा मारा। जहां सात घरों में मेन लाइन में कट लगाकर बिजली चोरी करते हुए पाई गई। टीम ने कटिया हटा तार जब्त कर लिया है। साथ ही उपखंड अधिकारी ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इसके आधार पुलिस ने विद्युत अधिनियम के तहत भूरा, इबने हसन, अली हुसैन, फिरोज अहमद, नाजरा, मो. वसीम व दिलशाद हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। विद्युत विभाग की टीम में मनोज रावत अवर अभियंता, लाइनमैन आकाश कुमार, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।

घर के बाहर से स्कूटी चोरी

काशीपुर : घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई। मामले में तीन माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पंजाबी सभा के पास निवासी गीतिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 8 फरवरी को उनकी स्कूटी संख्या यूके 18 एच 9091 घर के बाहर से चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने तीन माह बाद स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही पुलिस ने स्कूटी चोरों की तलाश भी शुरू कर दी है।

चीमा चौराहे पर स्थित रेलवे फाटक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, फाटक के दोनों ओर लगा लंबा जाम

45 मिनट तक रेलवे फाटक बंद करने से भड़के लोग

आक्रोश

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: काशीपुर के चीमा चौराहे पर स्थित रेलवे फाटक 45 मिनट तक बंद रहा। इस पर फाटक के दोनों ओर इंतजार कर रहे लोगों का गुस्सा फूट गया। इस पूरी घटना का सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में लोगों ने फाटक के गेट मैन का घेराव कर फाटक को खोलने को कहा, लेकिन गेट मैन ने बिना अनुमति फाटक खोलने से इंकार कर दिया।

रेलवे फाटक पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

बुधवार की सुबह रामनगर से चलकर दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति को पास करने के लिए चीमा रेलवे फाटक बंद किया गया। संपर्क क्रांति ट्रेन पास कर दी गई लेकिन फाटक नहीं खुल सका। इसके बाद लालकुआं से चलकर रामनगर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी पास हो गई। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन में अचानक तकनीकी कमी के कारण फाटक नहीं खुल सका। इसके चलते फाटक के दोनों ओर चालकों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान वाहन चालक गेटमैन को फाटक खोलने के लिए बार-बार दवाब बनाते रहे। साथ ही वाहनों के हॉर्न भी बजाते रहे। लेकिन तकनीकी कमी की मरम्मत होने के बाद ही फाटक खुल सका। रामनगर को जाने वाली ट्रेन पास एवं मरम्मत कार्य होने के बाद फाटक खुल सका। स्टेशन अधीक्षक रवि शंकर सिंह ने कहा कि अचानक तकनीकी फाल्ट हो गया था। मरम्मत कार्य के बाद चीमा चौराहा स्थित फाटक को खोल दिया गया है।

फर्जी ईमेल भेजकर सिद्धार्थ पेपर मिल से सात लाख ठगे

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ काम कराने के एवज में ईमेल से खातों में मांगी ठगों ने रकम

अमृत विचार: एक पेपर मिल को फर्जी ई मेल भेजकर सात लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कंपनी के एचआर ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में मुरादाबाद रोड स्थित सिद्धार्थ पेपर मिल के जीएम(एचआर) मानपुर रोड निवासी संजय कुमार ने कहा है कि उनकी कंपनी ने एटीएस टेक्नो को ग्राइण्डिग और पॉलिशिंग का कार्य कराने का वर्क आर्डर 03 मई 2024 को अपनी कंपनी के रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से दिया था। इस काम के भुगतान के लिए उनकी कंपनी को एक ई मेल मिला। जिसमें पीएनबी और एसबीआई के एक एक खाते का नंबर दिया गया। इन दोनों खातों में उनकी कंपनी ने कुल सात लाख रुपये की रकम जमा कर दी। बाद में एटीएस टेक्नो प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि आकाश ओझा ने अपने व्हाट्सएप नंबर से सिद्धार्थ पेपर मिल से भुगतान के लिए सम्पर्क किया। छानबीन करने पर पता लगा कि पेपर मिल को फर्जी ई मेल भेजकर सात लाख रुपये की ठगी की गई है। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसों में स्कूल बस चालक और युवक की मौत, एक की हालत नाजुक

जानकारी के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

दुर्घटना

मन्नू यादव।

जसपाल।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मंगलवार की देर रात्रि सड़क हादसों में एक निजी स्कूल चालक और स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवक का दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सीपीयू ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

मंगलवार की देर रात्रि गांधी कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय मन्नू यादव अपने दोस्त बंशु वाल्मीकि के साथ स्कूटी संख्या यूके-06 बीडी-5025 पर सवार होकर डीडी चौक के तरफ जा रहे थे। अचानक नगर निगम के सामने एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक छिटककर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल होने के बाद बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही सीपीयू घटनास्थल पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मन्नू यादव को हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि बंशु यादव को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर, रामेश्वरपुर लालपुर निवासी 25 वर्षीय जसपाल सिंह लालपुर स्थित एक निजी स्कूल की बस चलाता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात्रि साढ़े नौ बजे के करीब वह किच्छा हाईवे पार कर पैदल घर जा रहा था कि अचानक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवकों की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच घायल

शक्तिफार्म : ग्राम अरविंद नगर के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। इनमें से एक गंभीर रुप से घायल हो गया। बैकुंठपुर के ग्राम शक्तिफार्म नंबर 6 निवासी भजन तालुकदार अपनी पत्नी सीमा के साथ मोटरसाइकिल नंबर यू के 06ए बी 5972 से सितारगंज जा रहे थे। वहीं ग्राम बरुआबाग निवासी शिवम पाल पीलीभीत निवासी दो युवकों के साथ मोटरसाइकिल नंबर यूके 06 बी जी 2708 से शक्तिफार्म जा रहे थे। ग्राम अरविंद नगर के पास दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे मोटरसाइकिल में सवार पांचों सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने

मौके पर पहुंच कर उन्हें सड़क से उठाया तथा सितारगंज भेज दिया। आमने-सामने की टक्कर से एक मोटरसाइकिल का सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ई-रिक्शा से टकराई बाइक, दो घायल

बाजपुर : ओवरटेक करते वक्त बाइक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा में जा टकराई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ग्राम खमरिया निवासी संदीप (27) पुत्र अमर सिंह अपने साथी गांव के ही रक्षपाल (29) पुत्र बख्तावर के साथ बाइक पर सवार होकर केशोवाला से बाजपुर की ओर आ रहे थे। इसी बीच रामराज रोड स्थित पड्डा फार्म के नजदीक साइड से चल रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक को ओवरटेक करते वक्त बाइक अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर काफी दूर जा गिरे और घायल हो गए।

गंगोत्री तीर्थ यात्री बस हादसे में गई रुद्रपुर की महिला श्रद्धालु की जान

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मंगलवार की देर रात्रि तीर्थ स्थल गंगोत्री हाईवे पर हुए भीषण हादसे में खाई में गिरी यात्रियों की बस में रुद्रपुर की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि दस से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायलों को गढ़वाल के अस्पतालों में उपचार चल रहा है, जबकि हादसे की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।

नीमा कैड़ा।

मंगलवार की रात्रि 9 बजे के करीब गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीर्थ यात्री बस संख्या यूके-06 पीए-1218 गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी की ओर रवाना हुई थी। अचानक अनियंत्रित होकर बस गंगानी के पास 15 से 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के दौरान बस में 12 महिला, 15 पुरुष और दो बालिका सवार थी। बताया जा रहा है कि बस हादसे में मरने वाली एक महिला और 10 से अधिक घायल रुद्रपुर हैं। बुधवार को खोजबीन के दौरान पाया कि कौशल्या एन्क्लेव फुलसुंगा निवासी सेवानिवृत्त दरोगा की 50 वर्षीय पत्नी नीमा कैंड़ा नाम की महिला तीर्थयात्री की मौत की पुष्टि हुई।

इसी तरह कौशल्या कॉलोनी के रहने वाले भूपेंद्र रावत, पत्नी कल्पना रावत, आठ साल की बेटी प्रज्ञा रावत, पदमा भाकुनी, अंकित बिष्ट, लता बिष्ट, पूरन चंद्र कैड़ा के अलावा रुद्रपुर के रहने वाली गौर मिस्त्री, बसंती देवी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायलों का उत्तरकाशी और गंगोत्री के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। उधर, सूचना मिलते ही कॉलोनी में शोक है, जबकि परिजन घटनास्थल को रवाना हो चुके हैं। गंगोत्री के लिए रवाना होने वाले ज्यादातर तीर्थयात्री एक-दूसरे की रिश्तेदारी में आते हैं।

7 जून को रवाना, 18 को होनी थी वापसी

रुद्रपुर : गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के बाद पता चला कि यूके-06 पीए-1218 नंबर की बस सात जून को रुद्रपुर स्थित कौशल्या कॉलोनी से रवाना हुई थी। 18 जून को तीर्थ यात्रियों की बस को पुनः रुद्रपुर के लिए वापस होना था। कारण सभी तीर्थ यात्रियों ने यात्री बस को बुक करने के बाद परिचितों के साथ रवाना होने का निर्णय लिया था। यही कारण है कि यात्रियों के रिश्तेदार अपनों के आने का इंतजार कर रहे थे।

2021-22 में रिटायर हुए हैं पूरन कैड़ा

रुद्रपुर : गंगोत्री हाईवे पर हुए हादसे में मृतक नीमा कैड़ा के पति पूरन चंद्र कैड़ा वर्ष 2021-22 में पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत हुए हैं। बताया कि वर्ष 2019 में कौशल्या इन्कलेव में मकान बनाने के बाद वह परिवार के साथ रहते हैं, जबकि बड़ा बेटा यूपी पुलिस में दारोगा है और छोटा बेटा प्रॉपर्टी डीलर का कार्य करता है। बताया कि मूल रूप से कैड़ा परिवार अल्मोड़ा सोमेश्वर का रहने वाला है।

एसओजी पिथौरागढ़ में तैनात हैं घायल सिपाही भूपेंद्र

रुद्रपुर : गंगोत्री में घायल हुए यात्रियों में से घायल सिपाही भूपेंद्र सिंह रावत पिथौरागढ़ में एसओजी में तैनात है, जबकि हादसे में उनकी पत्नी कल्पना रावत, आठ साल की बेटी प्रज्ञा रावत भी घायल हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पिथौरागढ़ पुलिस के आला अधिकारियों ने संपर्क कर घायलों का हाल जाना और एक टीम को गंगोत्री स्थित निजी अस्पताल के लिए रवाना कर दिया है।

ग्रामीणों ने शराब माफियाओं को दौड़ाया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: राघव नगर पंडरी में खुलेआम बेची जा रही अवैध कच्ची शराब के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने देर रात्रि महिला तस्कर सहित दो शराब माफियाओं को भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब के साथ घेर लिया। इस दौरान दोनों आरोपी अवैध शराब छोड़कर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बरामद शराब को नष्ट करते हुए कोतवाली पुलिस से शराब तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

ग्राम राघव नगर पंडरी में अवैध कच्ची शराब का खुलेआम कारोबार हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस को शिकायत दिए जाने के बाद पुलिस द्वारा शराब माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों द्वारा लगातार अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने देर रात्रि करीब 10:30 बजे शराब कारोबारी आरोपी महिला तथा शराब डीलर को घेर लिया। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने की सूचना मिलते ही आरोपी महिला एवं शराब डीलर अवैध कच्ची शराब के पाउच रखे बोरे को छोड़कर खेतों के रास्ते मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बोरे में रखे 100 पाउच से करीब 50 लीटर कच्ची शराब को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने तस्करों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

बरामद की गई अवैध शराब के पाउच।

ग्राम बाबरखेड़ा में शराब बेच रहा व्यक्ति गिरफ्तार

काशीपुर : एसआई मनोज सिंह धोनी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाबरखेड़ा में कर्बला मोड़ के पास पहुंची पुलिस को देख एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम बाबरखेड़ा निवासी मुकेश कुमार बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को 40 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई।

परिजनों की गैरमौजूदगी में चोरों ने घर खंगाला

काशीपुर: परिजनों की गैरमौजूदगी में चोरों ने घर खंगाल डाला। चोर लाखों रुपये के जेवर, नकदी व अन्य सामान चुरा ले गए। कृष्णा कॉलोनी, जसपुर खुर्द निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह लखनऊ में एक कंपनी में जॉब करता है। यहां उसके बच्चे व पत्नी रहते हैं। 26 मई को उसकी पत्नी बच्चे सहित अपने मायके धरमपुर जसपुर गई हुई थी। 7 जून की शाम को उनके पड़ोसी ने पत्नी को फोन कर मुख्य गेट का ताला टूटा होने की सूचना दी। जिस पर उसने घर पहुंचकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। साथ ही अलमारी में से सोने-चांदी के जेवर व छह हजार रुपये की नकदी व ड्रिल मशीन आदि गायब थे।

छापेमारी में ढाबों पर काम करते मिले दो नाबालिग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बाल श्रम की रोकथाम के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी की संयुक्त टीम ने आवास विकास इलाके के होटल-ढाबों और दुकानों पर छापेमारी की। जहां ढाबों पर दो नाबालिग से श्रम करवाया जा रहा था। जिस पर संयुक्त टीम ने नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कर श्रम मुक्त कराया और आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

बुधवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कांबोज, चाइल्ड हेल्पलाइन की कोऑर्डिनेटर चांदनी रात की संयुक्त टीम ने आवास विकास, जगतपुरा इलाके में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने होटल, ढाबों और दुकानों पर जाकर बाल श्रम संबंधी जानकारी ली। इस दौरान पाया कि शंकर ढाबा व गुरुकृपा किचन ढाबे में दो नाबालिग बच्चों से बाल श्रम करवाया जा रहा है। इस संबंध में जब होटल संचालकों से जवाब मांगा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

रुद्रपुर में छापामार कार्रवाई करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

जिस पर टीम ने नाबालिग को रेस्क्यू कर श्रम मुक्त कराया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि छापामार कार्रवाई में दो बच्चों का रेस्क्यू किया है। इसके बाद ढाबा संचालकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। इस मौके पर कनिष्क सहायक दीपक दुम्का, एएचटीयू की ममता मेहरा, आंगनबाड़ी से रंजू, सुनीता चौरसिया, शांति गोलदार, पुष्प मंडल व मालती देवी और काउंसलर सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

मंथन

17 व 18 जून को भाकियू की ओर से होगा आयोजन, पूरे देश की ट्रेनें फ्री रहेंगी

हरिद्वार में किसान महाकुंभ के लिए बनाई रणनीति

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश स्तरीय खास पंचायत में हरिद्वार में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने जा रहे किसान महाकुंभ को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई।

बुधवार को भारतीय भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता के आवास पर बताया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 17 व 18 जून को हरिद्वार में राष्ट्रीय स्तर के किसान महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा।

सहोता ने कहा कि किसान महाकुंभ में पूरे देश की प्रदेश वार किसानों की समस्याएं रखी जाएंगी और उनके समाधान पर गहन मंथन किया जाएगा। किसान महाकुंभ के समापन पर केंद्र सरकार व राज्य सरकारों को अलग-अलग ज्ञापन दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान महाकुंभ में जाने वाले भाकियू कार्यकर्ताओं के लिए पूरे देश की ट्रेनें फ्री रहेंगी। इस किसान महाकुंभ की कमान भारतीय किसान यूनियन के बड़े नेता जैसे यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, यूनियन के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत, युवा भारतीय यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत किसान यूनियन के अन्य बड़े नेता संभालेंगे। पंचायत में भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष जगीर सिंह, किसान यूनियन ने मंडलीय नेता दर्शन सिंह देओल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, शीतल सिंह पट्टी, वरिष्ठ कार्यकर्ता चौधरी किशन सिंह, मास्टर हरदेव सिंह, गुरदत्त सिंह आदि मौजूद रहे।

जसपुर में प्रदेश स्तरीय पंचायत में भाग लेते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

जसपुर ब्लॉक को सौंपी लंगर की जिम्मेदारी

जसपुर : जनपद ऊधम सिंह नगर की ओर से लगने वाले लंगर की पूरी जिम्मेदारी जसपुर ब्लॉक के भाकियू कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है। कार्यकर्ताओं ने लंगर की व्यवस्था के लिए आवश्यक भोजन सामग्री खरीदने व हरिद्वार पहुंचाने की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया।

ये रखी जाएंगी मांगें

जसपुर : किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसान महाकुंभ में एम एस स्वामी नाथन की रिपोर्ट पूरी तरह से लागू किए जाने, किसानों की सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून बनाए जाने, किसानों को प्रदूषण कानून से मुक्त रखे जाने, किसानों के 15 वर्ष पुराने ट्रैक्टरों को चलाए जाने पर लगाई गई पाबंदी को तुरंत हटाए जाने, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर थोपे गए मुकदमों को तुरंत वापस लिये जाने, बाजपुर के 20 गांवों की 5838 एकड़ जमीन को बेचने व उस पर लोन लेने पर सरकार द्वारा लगाई गई पाबंदी को शीघ्र हटाए जाने, जसपुर के गांव पतरामपुर में अतिक्रमण के नाम पर अवैध रूप से उजाड़े गए लोगों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था किये जाने समेत कई समस्याएं रखी जाएंगी।

शॉर्ट सर्किट से पांच घरों में आग

दुखद

▸▸ पांचों परिवारों का सारा सामान व नगदी जलकर राख

▸▸ पुलिस व राजस्व विभाग ने पहुंचकर मौका मुआयना किया

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: सीमावर्ती गांव खेलड़िया में शार्ट सर्किट से लगी आग में पांच परिवारों के घर का सारा सामान और नकदी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

खेलड़िया गांव में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से रामाधार, सुरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार और शैलेंद्र कुमार के घर में आग लग गई। अग्निकांड में पीड़ित परिवार के सोने चांदी के जेवरात, कपड़े, खाने पीने की सामग्री आदि सबकुछ जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड तथा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया जा सका। अग्निकांड में पांच लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मौके पर स्थानीय पुलिस बल तथा राजस्व विभाग से लेखपाल ने भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जनप्रतिनिधियों और पीड़ित परिवारों ने शासन प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

खटीमा के खेलड़िया गांव में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी और ग्रामीण।

नेता प्रतिपक्ष भी पहुंचे ग्राम रतनपुरा गुलड़िया

बाबा साहब की मूर्ति हटाने के प्रयास का मामला, ग्रामीणों के धरने को दिया अपना समर्थन, प्रशासन को चेतावनी

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर के ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में सभा को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने के प्रयास का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। अपने समर्थकों के साथ पहुंचे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व नैनीताल के पूर्व विधायक संजीव आर्य ने ग्रामीणों को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन बाबा साहब की मूर्ति को हटाने का प्रयास किया तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बुधवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ मौके पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने स्थानीय लोगों से प्रकरण के बारे में जानकारी हासिल की और पिछले दिनों मूर्ति हटाने पहुंचे प्रशासन की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर हमारे आदर्श हैं जिन्होंने दलितों, शोषितों, वंचितों व कमजोर वर्ग की आवाज को जिन्होंने एक ताकत दी। बाहर के लोग प्रशासन का सहारा लेकर बाबा साहब की मूर्ति हटाकर भूमि को जबरन कब्जाना चाह रहे हैं। सभा को पूर्व विधायक संजीव आर्य, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, होशियार सिंह, सुनील कुमार, प्रताप सिंह, संजय अंबेडकर, राजकिशोर, हरपाल सिंह, महिपाल गौतम आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डीके जोशी ने किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष पवन शर्मा, ब्लाक प्रमुख पति राजकुमार, प्रदीप सागर बीडीसी, कुंवरपाल, गौतम बौद्ध, सचिन सागर, सियाराम गौतम, सुमित सागर, राकेश मोहन लखेड़ा, डा.जगपाल सिंह, नितिन बिष्ट, तोताराम, बलवीर सिंह कालू, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने बाइक से कच्ची शराब की तस्करी कर रहे आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने बाइक को भी सीज कर दिया। पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में टीम ने पुलभट्टा गौला पुल कट के पास संदिग्ध बाइक सवार को रोक लिया। पुलिस ने बाइक सवार ग्राम धौरा डैम सूर्य नगर निवासी जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर बाइक पर रखी 50 लीटर कच्ची शराब कब्जे में ले ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मारपीट में दो नामजद

खटीमा : पुलिस ने मेलाघाट रोड पर मारपीट करने के मामले में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आवास विकास कॉलोनी निवासी अंकित ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह 10 जून को रात करीब 8:30 बजे अपना ठेला लेकर घर जा रहा था कि बिजली घर के सामने मेलाघाट रोड पर वार्ड नंबर 6 निवासी निजाम और दानिश रास्ता रोककर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। उन्होंने मेरे ठेले को भी नुकसान पहुंचाया है।

सार-संक्षेप

पालिका चौक से वाहनों को हटाने के लिए धरना

धरने पर बैठे हुए महेंद्र सिंह।

जसपुर। पुराना नगर पालिका चौक में खड़े होने वाले वाहनों को हटाए जाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मोहल्ला भूपसिंह निवासी महेंद्र सिंह ने बुधवार से अपना एकल धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी उन्होंने इसी मुद्दे को धरना दिया था व समस्या का समाधान न होने पर भूख हड़ताल भी की थी। उस समय अधिकारियों ने इस समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन देकर उनका अनशन तुड़वा दिया था। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी जब इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उन्हें धरने पर बैठने का निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

गदरपुर में लोगों को पौधों के देखभाल की शपथ दिलाते विधायक अरविंद पांडे।

जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जागरूक किया

गदरपुर। जल स्रोत व नदी पुनरजीवीकरण प्राधिकरण के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को रोपित पौधों की देखभाल के लिए शपथ दिलाई गई। बुधवार को ग्राम धानपुर विजयपुर के पंचायत भवन के सभागार में गोष्ठी का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि पर्यावरण के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने पंचायत भवन में पहुंचे लोगों को लगाए गए पौधों के देखभाल के लिए शपथ दिलाई। संगोष्ठी की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख पूनम रानी ने की। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडे रहे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुंदन सिंह बिष्ट, राजपाल सिंह चौहान, अमित मेहरा, कमल सरकार, अब्दुल रहमान अंसारी, गोपाल विश्वास, पीसी जोशी, राधा रानी, अब्दुल कादिर, सुनीता रानी, सीमा कोरंगा, सुमित उपाध्याय, गोविंद सिंह आदि शामिल थे।

सेना की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे मोनिश का स्वागत

किच्छा में मोनिश अली का स्वागत करते लोग।

किच्छा। कांग्रेस जिला सचिव एनयू खान एवं यूथ कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तस्लीम रजा के नेतृत्व में तमाम युवा वार्ड नंबर 20 सिरौली कला निवासी इरशाद अली के घर पहुंचे और आर्मी की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे बेटे मोनिश अली का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वरिष्ठ नेता एनयू खान ने कहा कि मुस्लिम समाज के युवा भी देश की सीमाओं की रक्षा के लिए भारतीय सेना में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। इस मौके पर इरशाद अली, अकरम अहमद, आसिफ अहमद आदि मौजूद रहे।

बाबा तारकनाथ धाम में शिव पुराण कथा आज से

शक्तिफार्म। सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम में गुरुवार से कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय शिव पुराण कथा शुरू होगी। कथा वाचक वृंदावन के कृष्ण संदेश जी महाराज शिव पुराण कथा सुनाएंगे। बाबा तारकनाथ धाम सुरेंद्रनगर पूजा कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को प्रात: 9:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

पालिका में नहीं बन रहे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, ज्ञापन सौंपा

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका प्रशासक एवं उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र न बनाए जाने की शिकायत की है।

उन्होंने प्रमाणपत्र दिए जाने की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की है। एसडीएम बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र चाहने वाले दो जून से पालिका कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जबकि कार्यालय से जवाब मिलता है कि पोर्टल बंद है इसलिए प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता है। पीड़ितों ने कहा है कि विद्यालयों, बैंकों सहित सभी प्रशासनिक कार्यों के लिए जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र अति आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में भाजपा जिला मंत्री भुवन जोशी, किशोर जोशी, शिवशंकर भाटिया, भूपेंद्र खोलिया, विमला बिष्ट, महेश राणा मौजूद रहे।

दिव्यांगों के लिए खेल प्रशिक्षण शुरू

- निवर्तमान मेयर और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त मनोज सरकार ने किया शिविर का शुभारंभ
- शिविर में खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा समेत 70 दिव्यांग खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, रुद्रपुर

खिलाड़ियों को सम्मानित करते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : 31वीं वाहिनी पीएसी में दिव्यांगों का सात दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान और अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण में खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर, जसपुर से करीब 70 दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

बुधवार को प्रशिक्षण शिविर के दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है, शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। रामपाल सिंह ने कहा आज खेलों में कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। धामी सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि खेलों से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास होता है। अर्जुन अवार्ड प्राप्त अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा बैडमिंटन खेल की बारीकियों को समझाते हुए गुर सिखाए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हरीश चौधरी, रेखा मेहता, कुलदीप, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, धन सिंह कोरंगा, सुबोध कुमार, आलोक तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह भंडारी, सुरेंद्र रावत, अजय बड़ोई, बाबू सिंह, मोहम्मद यासीन, राजदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अभिनव गुप्ता, सुनील शर्मा, गुरदीप कामरा, अनंत त्यागी, किशन सिंह, किरण पांडे, आयुष्मान जोशी, हरगुन सिंह, युवराज वर्मा मौजूद रहे।

खटीमा कॉलेज में वाटर कूलर और पुस्तकों की हो व्यवस्था

- एनएसयूआई और अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, खटीमा

खटीमा में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई से जुड़े छात्रसंघ पदाधिकारी।

अमृत विचार : हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसयूआई से जुड़े छात्रसंघ पदाधिकारियों और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने प्राचार्य को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर भीषण गर्मी के चलते महाविद्यालय में वाटर कूलर और छात्र संघ के कोष से पुस्तकों की व्यवस्था कराने की मांग की है।

छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित कुमार गंगवार के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य रीना शर्मा को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि भीषण गर्मी के चलते बच्चों को शीतल पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इसकी महाविद्यालय में कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कॉलेज में वाटर कूलर की व्यवस्था करने की मांग की है। एक अन्य ज्ञापन में पुस्तकों की किल्लत को देखते हुए छात्रसंघ कोष से पुस्तकों की व्यवस्था कराने की भी मांग की है। ज्ञापन देने वालों में छात्रा उपाध्यक्षा कमलजीत कौर, कोषाध्यक्ष परवेज अख्तर, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि राहुल कांडपाल, हिमांशु भट्ट, हिमांशु भट्ट, दीपक मुड़ेला आदि थे। इधर अभाविप से जुड़े छात्रसंघ उपाध्यक्ष शुभम पटुआ के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर वाटर कूलर और छात्रसंघ के कोष से पुस्तकों की व्यवस्था कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में छात्र संघ उप सचिव कशिश राणा, हर्षित सिंह, सुमन, प्रदीप, सुमित, नीरज सिंह धामी, अर्पित, प्रियंका, रोहित जोशी, निशांत सिंह आदि थे।

स्मैक के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

किच्छा/गदरपुर। स्मैक तस्करी के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार की गई हैं।

किच्छा के प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर टीचर्स कॉलोनी निवासी शकुंतला देवी को 8.95 ग्राम स्मैक के साथ उसके घर के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं गदरपुर के थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम तेजाफौजा गूलरभोज रोड गदरपुर से जसविन्दर कौर उर्फ कोडी निवासी वार्ड नंबर 5 तेजा फौजा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 6.20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

चयनित टीम के साथ भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

उत्तराखंड लगोरी बालक-बालिका टीम का चयन

- टीम 29 जून से महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेगी प्रतिभाग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लगोरी संगठन उत्तराखंड की ओर से स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश की 19 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं की टीम का चयन किया गया। चयनित टीम 29 जून से महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लगोरी चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन के बाद लगोरी संगठन के महासचिव अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि ट्रायल में करीब 60 बालक-बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर डॉ. नागेंद्र शर्मा, हिमांशु नरुला, प्रमोद बिष्ट, वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहित रावत, योगेश पांडे, चेतन भट्ट, सूरज विश्वास आदि मौजूद रहे।

आयोजन 23 वीं पुण्यतिथि पर पौधरोपण व विचार गोष्ठी आयोजित की गई, पुलिन बाबू के कार्यों को किया गया याद

बंगाली विस्थापितों के लिए जीवन भर समर्पित रहे पुलिन बाबू : हालदार

दिनेशपुर में बंगाली विस्थापितों के मुखिया पुलिन बाबू की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : तराई में बंगाली विस्थापितों को बसाने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिन बाबू की 23 वीं पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान स्व. पुलिन बाबू राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण व स्मृतिस्थल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

पुलिन बाबू सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार सायं 7 बजे पुलिन बाबू स्मृति स्थल में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी को संबोधित करते पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने कहा कि स्व. पुलिन बाबू 1953 में तराई के खंड विकास गदरपुर के ग्राम- बसंतपुर में बसे थे। उन्होंने बंगाली विस्थापितों की समस्याओं को देखते हुए उनके पुनर्वास की आवाज उठाई और धीरे-धीरे वह बंगालियों के सर्वमान्य व लोकप्रिय नेता बने और आजीवन इसी समुदाय के हितों के लिए संघर्ष करते रहे। कांग्रेस नेत्री ममता हालदार ने कहा कि स्व. पुलिन बाबू बंगाली समुदाय के साथ- साथ क्षेत्र के अन्य समुदाय के लोगों की समस्याओं को उठाते रहे। उन्होंने कहा कि यही नहीं स्व. पुलिन बाबू ने विस्थापितों की समस्या हल न होने तक कुर्ता- पायजामा धारण न करने का प्रण लिया था। जो एक मिसाल है। समाजसेवी नित्यानंद मंडल ने कहा स्वर्गीय पुलिन बाबू ने सर्वप्रथम 1958 में अखिल भारतीय उदवास्तु समिति का गठन कर तेलंगाना आंदोलन की तर्ज में आंदोलन किया था और विस्थापितों के 47 गांव जबरन बसाए। बाद में उन्हें इसका मालिकाना हक भी दिलवाया था। कार्यक्रम का संचालन पद्दोलोचन विश्वास ने किया। इस मौके पर नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, दुर्गा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, अनादिरंजन मंडल, हिमांशु सरकार, डॉ जगदीश मंडल, कालीपद विश्वास, देवाशीष कुमार, आनंदित सरकार, हिमांशु मंडल, कविता विश्वास, लल्लन तिवारी, अनामी विश्वास, डॉ जीएल खुराना, विष्णु शील, रवि सरकार आदि मौजूद रहे।

खटीमा के मुडेली में आयोजित कैंप में बच्चों की जांच करतीं चिकित्सक।

मुडेली में कैंप लगाकर बच्चों की सेहत जांची

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अपर मुख्य चिकित्साधीक्षक हरेन्द्र मलिक और नागरिक अस्पताल के डॉ. वीपी सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत गोटिया मुडेली में कैंप आयोजित किया गया। कैंप में डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा पांडे द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई और निःशुल्क दवा वितरण की गई। उन्होंने अभिभावकों और किशोरियों के हीमोग्लोबिन की जांच की।

नर्सिंग ऑफिसर निर्मला, नीमा चंद ने रूटीन टीकाकरण किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सहायिका कविता, आशा रेखा आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

खेत में मवेशी चराने को लेकर मारपीट

बाजपुर : खेत में मवेशी चराने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें देखते ही देखते जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में एक महिला के काफी चोटें आई हैं। ग्राम रम्पुरा काजी निवासी जंगीर कौर (55) पत्नी बरयाम सिंह नदी किनारे स्थित खेत में अपने मवेशी चरा रही थी। आरोप है कि इसी बीच गांव के ही एक परिवार के दो-तीन लोगों ने खेत में मवेशी चुगाने का विरोध करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से उपजिला चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उसकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

120 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ युवक गिरफ्तार

काशीपुर : काशीपुर बांसफोड़ान पुलिस ने एक युवक को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के कब्जे से पुलिस ने 120 किलो प्रतिबंधित मांस व औजार बरामद किए हैं। बांसफोड़ान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अल्ली खां चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड 16 नई बस्ती ठाकुरद्वारा निवासी 44 वर्षीय सलीम को प्रतिबंधित मांस बेचते हुए पकड़ा। वहीं आरोपी युवक के कब्जे से पुलिस ने 120 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया। वहीं बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सुतेडी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक कुल्हाड़ी, एक चापड़, दो छूरी, एक सूजा, एक तराजू, एक लकड़ी का गुटखा और 120 किलोग्राम प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

फरार वारंटी गिरफ्तार

नानकमत्ता : न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी मंगत सिंह निवासी टुकड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि वह वर्ष 2020 से फरार चल रहा था।

गोलगेट जवाहरनगर में स्वच्छ भारत योजना को लगाया जा रहा पलीता

भारत सरकार की कूड़ा निस्तारण योजना यहां फेल, कूड़े की दुर्गंध से लोगों को परेशानी

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी गोलगेट जवाहरनगर के प्रवेश द्वार पर लगा कूड़े का अंबार एवं कूड़े से फैल रही दुर्गंध भारत सरकार की कूड़ा निस्तारण योजना को पलीता लगा रही है।

जहां एक ओर गांव-गांव भारत सरकार की स्वच्छ भारत योजना को धरातल पर उतारने की मुहिम चलाई जा रही है वहीं क्षेत्र के एकमात्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गोलगेट जवाहरनगर के प्रवेश द्वार पर ही भारी भरकम कूड़े का अंबार न केवल इस योजना पर पलीता लगा रहा है बल्कि इससे फैलने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। गांव में कई बार कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छ भारत स्कीम को धरातल पर उतारने के लिए बैठकें हो चुकी हैं। जिसके लिए बार-बार ग्रामीणों को जागरुक भी किया जा रहा है। बावजूद इसके गांव का एक बड़ा तबका गांव के मुख्य प्रवेश द्वार गोलगेट रेलवे क्रॉसिंग, पंतनगर नगला रेलवे स्टेशन तथा पहानदी पुल के समीप बड़ी मात्रा में देर रात्रि तथा प्रातः काल अपने घरों से कूड़ा ला कर वहां गंदगी का अंबार लगा रहे हैं। आलम यह है कि इन रास्तों से होकर गुजरने वाले आगंतुक एवं राहगीर तथा स्कूली बच्चों को न केवल कूड़े से फैलने वाली तीखी दुर्गंध का सामना करना पड़ता है बल्कि कई गोवंशीय आवारा पशु भी इस कूड़े के संक्रमण से बीमार हो रहे हैं।

जवाहरनगर प्रवेश द्वार के पास जमा कूड़े का अंबार। ● अमृत विचार

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में किसी भी सक्षम अधिकारी ने आज तक गांव के इर्द-गिर्द फैले इस भारी भरकम कूड़े का संज्ञान नहीं लिया और न ही पंचायत स्तर से कोई ठोस कदम इस पर उठाया जा रहा है। अगर स्थिति यही रही तो कभी भी महामारी फैल सकती है। -**बिशन सिंह मेहरा**, स्वतंत्रता सेनानी आश्रित जवाहरनगर।

कूड़ा निस्तारण स्कीम को धरातल पर उतारने के लिए ग्राम स्तर पर कई बैठकें की गई परंतु यूजर चार्ज देने के लिए मात्र 50% लोग ही सहमत हुए गांव की जनसंख्या बहुत अधिक है यहां नगर पालिका की तर्ज पर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की व्यवस्था हो तभी इस स्थिति से निपटा जा सकता है। - **दीपा ललित कांडपाल**, ग्राम प्रधान जवाहरनगर।

कोर्ट ने दिया रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

काशीपुर: एक विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतका के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। एक महिला ने अपनी अधिवक्ता सिंधु आकाश के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसकी पुत्री का विवाह ढकिया नंबर दो निवासी अनिल सिरोही से हुआ था। आरोप है कि पति उसके साथ अमानवीय व्यवहार करता था। उसने अपने एक रिश्तेदार के साथ मिलकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो भी बना ली थी। बाद में पति उसे मायके में छोड़कर विदेश चला गया। वो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पत्नी पर रिश्तेदार के साथ संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा। मानसिक रूप से परेशान होकर उसने 03 सितंबर को कीटनाशक का सेवन कर लिया। एक निजी अस्पताल में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कर एसीजेएम सचिन कुमार ने आरोपी पति अनिल सिरोही, बुलंदशहर निवासी अंशु व संजय के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

दहेज हत्या में पति को पांच वर्ष का कारावास

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : चम्पावत के सत्र न्यायालय ने दहेज हत्या के सात साल पुराने मामले में मृतका के पति को दोषी पाया है। कसूरवार पति को 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मोहन कांडपाल ने अक्टूबर 2017 में अल्मोड़ा जिले के जैंती तहसील में तहरीर देकर कहा था कि 2010 में उसने अपनी पुत्री निर्मला का विवाह रीठा क्षेत्र के धरसो निवासी भुवन चंद्र सनवाल से किया था। ससुराली उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 13 अक्टूबर 2017 को पति भुवन, भुवन के पिता नारायण और चाचा-चाची ने जहर देकर निर्मला को मारने का आरोप लगाया। लेकिन पुलिस जांच में पति भुवन के अलावा अन्य किसी की भूमिका नहीं पाई गई। जिस कारण पुलिस द्वारा अदालत में पेश आरोप पत्र में पति भुवन चंद्र सनवाल को ही आरोपी बनाया गया था।

सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर भुवन सनवाल को 5 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीन अलग-अलग धाराओं में 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं चुकाने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतान होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से एडवोकेट विद्याधर जोशी ने पैरवी की।

फैसला

चम्पावत के सत्र न्यायालय ने 22 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

तमंचा व कारतूस के साथ युवक दबोचा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: केलाखेड़ा पुलिस ने 315 बोर तमंचा व पांच कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बरामद जिप्सी को सीज कर दिया गया है।

केलाखेड़ा थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। जब वह फिदानगर पुलिया के पास पहुंचे तो मुखबिर खास ने बताया कि एक व्यक्ति जिप्सी कार संख्या यूए06/8404 से गांवों में जाकर लोगों को बरगलाकर रुपये व सामान मांग रहा है और उसके पास तमंचा भी है। बरवाला गुरुद्वारा साहिब से करीब 100 मीटर पहले एक सफेद रंग की जिप्सी कार आ रही थी, लेकिन सामने पुलिस को खड़ा देख आरोपी कार को बैक करके भागने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम इस्लाम नगर (भिडौरा मझौला) थाना नानकमत्ता निवासी बिंटू सिंह उर्फ जस्सा सिंह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का तमंचा व पांच कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यहां लखनपुर में अनाथ आश्रम में कीर्तन करने आया था और गंगापुर लखनपुर की ओर गया था। अपनी सुरक्षा के लिए तमंचा रखने की बात कही। पुलिस ने धारा 3/25(1ख) क आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं आरोपी के कब्जे से बरामद जिप्सी कार को भी पुलिस ने एमवी एक्ट में सीज कर दिया है।

एसडीएम से की समस्याएं हल करने की मांग

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: कृषि उत्पादन मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत के नेतृत्व में लोगों ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट से मिलकर नगर के मध्य बहने वाले खकरा और ऐंठा नाले पर बनी पुलियों से रात्रि में असामाजिक तत्वों के आवागमन से लोगों को हो रही दिक्कतों का मामला रखा।

एसडीएम बिष्ट के समक्ष लोगों ने कहा कि अमाऊं कंजाबाग, हिल्व्यू कॉलोनी आदि क्षेत्रों में खकरा और ऐंठा नाले पर अवैध रूप से बनी पुलियों पर रात्रि के समय लगातार आवाजाही की जाती है। रात के समय कुछ असामाजिक लोग मोटरसाइकिल का साइलेंसर खोलकर भ्रमण करते हैं और लोगों की घर के बाहर रखा सामान चुरा ले जाते हैं। इससे क्षेत्रीय जनता काफी परेशान है। उन्होंने एसडीएम बिष्ट से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।

एसडीएम बिष्ट ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही अवैध पुलियों की जांच कर उन्हें हटवाया जाएगा। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धन सिंह सामंत, दान सिंह बोरा आदि मौजूद थे।

खटीमा में एसडीएम बिष्ट से मुलाकात करते पूर्व मंडी अध्यक्ष। ● अमृत विचार

सोनभद्र में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करते किच्छा निवासी ज्ञानेश मिश्रा। ● अमृत विचार

सोनभद्र में सम्मानित हुई देवभूमि फाउंडेशन की टीम

किच्छा : देवभूमि फाउंडेशन की टीम को यूपी के सोनभद्र में प्रगति फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से प्रथम इंटरनेशनल सम्मान देकर सम्मानित किया गया। देवभूमि फाउंडेशन की टीम रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने और युवाओं को प्रेरित करने का कार्य कर रही है। सोनभद्र में टीम अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्राप्त की।

खोया मोबाइल बरामद कर ग्रामीण को सौंपा

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस ने ग्रामीण के खोए हुए मोबाइल को बरामद कर लिया। मोबाइल वापस मिलने के बाद मोबाइल स्वामी ने थाना पुलिस टीम का आभार जताया। ग्राम अंजनिया निवासी परमवीर सिंह का सैमसंग कंपनी का मोबाइल कुछ दिनों पहले खो गया था। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा गुम होने वाले मोबाइल फोन को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद करने के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से मोबाइल फोन का डाटा अपलोड कर परमवीर सिंह के खोए हुए मोबाइल को बरामद कर लिया गया। मोबाइल फोन प्राप्त होने के बाद परमवीर सिंह ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

हादसे में नगला के युवक की मौत

शांतिपुरी: क्षेत्र में हल्दी में थाने के पास एक सड़क हादसे में नगला निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको पुलिस ने जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है।

बुधवार की शाम लगभग आठ बजे पंतनगर रेलवे स्टेशन के पास पान की दुकान चलाने वाला गंदा नाला निवासी बिंदुखत्ता निवासी नीरज सिंह लटवाल (25) अपनी बाइक संख्या यूपी 37/ए 4530 से शाम लगभग आठ बजे किसी काम से रुद्रपुर की ओर जा रहा था। पंतनगर थाने के पास उसकी बाइक डिवाइडर क्रास कर रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिसमें उसका संतुलन बिगड़ने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल रुद्रपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त पंतनगर रेलवे स्टेशन निवासी नीरज सिंह लटवाल के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने हेल्मेट नहीं पहना था, बल्कि वाहन में टांग रखा था।

शिविर में लोगों को जागरुक करते जिला विधिक प्राधिकरण के कार्यकर्ता।

शिविर में अधिकारों के प्रति जागरूक किया

जसपुर : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जसपुर के पृथ्वीराज चौहान चौक व तहसील रोड नई बस्ती में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। इस दौरान वृद्धावस्था व विकलांग पेंशन, महिलाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविरों में टीम नंबर 16 से पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह, पीएलबी वीर सिंह गौतम, मुनेश कुमारी, लता देवी, संगीता रानी आदि मौजूद रहे।

बैठक में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

मो. मियां बने कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष

काशीपुर : खालसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड अध्यक्ष बनाने को लेकर एक बैठक की। बैठक वार्ड प्रभारी मुक्ता सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मो. मियां को वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। बुधवार को हुई बैठक में वार्ड प्रभारी मुक्ता सिंह ने बताया कि खालसा का वार्ड अध्यक्ष मो. मियां को बनाया गया है। बैठक में सुशील कुमार गुड़िया, हरीश कुमार, विमल गुड़िया, विकल्प गुड़िया, जितेन्द्र सरस्वती, मनोज अग्रवाल, हिमांशु ठाकुर, शिवकुमार माली आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-99

बाएं से दाएं

3.1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9.1. चुप, शांत रहना, खामोश, न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10.1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

ऊपर से नीचे

1.1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।

2.1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6.1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।



वर्ग पहेली -98 का हल

		1 यु	गा	नु	2 कू	ल
					ट	
3 सिं		4 छु			क	
5 चि	ट	न	वी	6 स		7 खुं
त		मु		8 चा	फं	द
	9 पि	न	पि	न		का
						र

सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				4			7	
	4		3				5	
6	7				9		8	
		5		1			3	
4	1	7				2	9	6
	8			6		4		
	3		4				2	9
	2				8		6	
	9			5				1

सुडोकू - 11 का हल

3	6	5	7	1	4	9	8	2
7	9	2	3	8	6	1	5	4
1	8	4	2	9	5	6	7	3
4	7	3	8	5	1	2	6	9
2	5	9	4	6	7	8	3	1
6	1	8	9	3	2	5	4	7
9	2	6	5	4	3	7	1	8
5	4	7	1	2	8	3	9	6
8	3	1	6	7	9	4	2	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05.08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं, लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

वृष — आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

मिथुन — आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

कर्क — आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

सिंह — आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

कन्या — आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

तुला — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे, वह आपको मिल सकता है।

वृश्चिक — आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

धनु — आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

मकर — आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

मीन — आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम दीवाने — सुबह : 10.03
- हिरासत — रात : 07.00

&pictures
- खूंखार — सुबह : 10.43
- जर्सी — रात : 08.00

SONY PIX
- स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज — सुबह : 10.40
- इट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.09
- मायोन — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- रंगीला — सुबह : 11.46
- क्वीन — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।

सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?

मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?

चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए

डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?

चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।
कार्यते ह्यवश: कर्म सर्व: प्रकृतिजैर्गुणै:॥

नि:संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

संपादकीय

पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा, तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा, जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल, मिट्टी, हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई, क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति, 193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं, उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रवंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा, जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है, उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में "प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिंद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई, उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाएं। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है, उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं, जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है, जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं, उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं, उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

प्रसंगवश

योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण, प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही, असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया, लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।

कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर संसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।

वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए, जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

सोशल फोरम

अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है, न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है, जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है, जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है, जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं, किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

–फेसबुक वॉल से

मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट, उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा, लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है, किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है, 'सीयराम मय सब जग जानी। करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी'।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं, इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत आईजी पुलिस, उप्र.

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई, अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए, जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं, जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं, इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में, नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए, लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए, लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है, लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

एक नजर

21 को पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनेंगे कर्नल ऑफ द रेजीमेंट

रानीखेत : कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर द्वारा आगामी 21 जून को भूतपूर्व सैनिकों के लिए सैनिक मेले का आयोजन सेंटर ऑफिस में किया गया है। जिसमें कुमाऊं एवं नागा रेजीमेंट सेंटर के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना जाएगा। और उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। यह मेला दोपहर 2 बजे तक लगेगा। इस मेले में कर्नल ऑफ द रेजीमेंट लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद तिवारी सभी पूर्व सैनिकों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करेंगे। इस अवसर पर केआरसी के ब्रिगेडियर संजय यादव वीएसएम व चीफ रिकॉर्ड ऑफिसर भी मौजूद रहेंगे।

दो वारंटी किए गिरफ्तार

बनबसा : बुधवार को पुलिस ने दो वारंटियों भरत गिरी पुत्र बजरंगबलि, निवासी वार्ड नं. 5 झोपड़पट्टी बनबसा और गौतम शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा, निवासी वार्ड नं. 4 नई बस्ती मीना बाजार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई जितेंद्र सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह, राकेश उप्रेती शामिल रहे।

मां पूर्णागिरि धाम में उमड़ रहे हजारों श्रद्धालु

15 जून को होगा पूर्णागिरि मेले का समापन, सरकारी सुविधाएं बंद होने से श्रद्धालुओं को हो सकती है परेशानी

मां पूर्णागिरि धाम की प्रतिमा।

30 लाख से भी अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं अभी तक मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन

20 से 25 हजार श्रद्धालु हर रोज इस समय मां के दरबार पहुंच रहे हैं।

नेपाल के ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन को जाते भारतीय श्रद्धालु। ● अमृत विचार

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

अमृत विचार : भीषण गर्मी में भी मां पूर्णागिरि धाम मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। बीते 26 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम मेले का समापन 15 जून को होने जा रहा है। मेला अवधि के दौरान अभी तक 30 लाख से भी अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम में पहुंचकर माता के दर्शन कर चुके हैं। इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु धाम में पहुंच रहे हैं।

वहीं नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन के बाद सिद्धनाथ मंदिर के दर्शन करने से ही यह धार्मिक यात्रा पूरी मानी जाती है।

इस बार उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, बरेली, कासगंज, बदायूं, मैनपुरी, इटावा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, पूरनपुर, हरदोई, मेरठ, मुरादाबाद, आगरा, बाराबंकी के अलावा देश के कोने-कोने से मां पूर्णागिरि धाम पहुंचे। वहीं पड़ोसी देश नेपाल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। यह पहला अवसर है जब भीषण गर्मी के बाद भी इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मेले के समापन को देखते हुए धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही खासी बढ़ गई है। हर रोज 20 से 25 हजार श्रद्धालु इस समय मां के दरबार पहुंच रहे हैं।

15 जून को मेला समापन होने के बाद 16 जून को मेला क्षेत्र से अतिरिक्त पुलिस फोर्स हटा ली जाएगी और मेले में चिकित्सा, सफाई, अस्थाई बिजली व्यवस्था, रैन बसेरा, ध्वनि इंटरकॉम जैसी सुविधाएं भी हट जाएंगी। इन सुविधाओं के हटने पर श्रद्धालुओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

मेले में व्यवस्थाएं बढ़ाने की मांग उठाई

टनकपुर। मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने जिलाधिकारी नवनीत पांडेय को ज्ञापन भेज पूर्णागिरि मेले में व्यवस्थाएं एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग उठाई है। डीएम को भेजे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ककरालीगेट से भैरव मंदिर तक अस्थाई बिजली व्यवस्था हटा देने से मेला समापन के बाद रात्रि के समय श्रद्धालुओं को पूर्णागिरि मार्ग में आने-जाने में भारी परेशानी हो सकती है। उन्होंने मेला समापन के बाद एक सप्ताह और मुख्य व्यवस्थाएं मेले में सुचारू रखने की मांग की है।

पं. किशन चंद्र तिवारी

अल्मोड़ा में उमस भरी गर्मी से लोग हुए बेहाल

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले में गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। हालात यह हैं कि पारा 34 डिग्री के पार पहुंच रहा है। लोगों के लिए पंखे व कूलर खरीदना मजबूरी हो गया है। बुधवार को भी उमस भरी गर्मी से दिन के समय बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। इससे व्यापारियों के चेहरे भी लटके रहे।

जिले भर के जंगलों में इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। इसका असर तापमान में भी दिखाई दे रहा है। बीते पांच-छह दिनों से नगर का तापमान 34 डिग्री के पार जा रहा है। अल्मोड़ा वासियों के लिए 34 डिग्री तापमान अझेल साबित हो रहा है। बुधवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा।

दोपहर दस बजे से सूरज की तपिश लोगों को परेशान करने लगी। दोपहर तक उमस और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ा दी। अधिकांश लोग कूलर और पंखे के पास बैठे दिखाई दिए। वहीं बाजार आए लोगों ने आइसक्रीम और कोल्डड्रिंक लेकर राहत पानी की कोशिश की।

दोपहर एक बजे तक बाजार में सन्नाटा पसर गया। इससे कई व्यापारी दुकानों का शटर बंद कर घर चले गए। हालांकि, शाम के समय बाजार में चहल-पहल वापस लौटी। हल्की ठंडी हवाओं के बीच लोगों ने जमकर खरीदारी की।

मौसम का मिजाज

- नगर में रोजाना 34 डिग्री के पार पहुंच रहा है तापमान
- गर्मी से राहत के लिए कूलर और पंखे लेने को मजबूर हुए लोग

छात्र-छात्राओं ने देखी सेना की शान फौज में करियर बनाने के टिप्स लिए

केआरसी रानीखेत में भ्रमण के लिए पहुंचे छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : केआरसी द्वारा एनडीए एवं समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु काउंसलिंग व भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मिशन इंटर कॉलेज, नेशनल इंटर कॉलेज, छावनी इंटर कॉलेज के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने एनडीए एवं समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु काउंसलिंग व भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दीवान सिंह हॉल में प्रेरक फिल्म देखने के साथ ही, केआरसी संग्रहालय एचआरडीसी, सेंट्रल लाइब्रेरी, युद्ध स्मारक आदि का भ्रमण किया। उन्हें एनडीए में आवेदन आदि की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रेजुएशन के बाद आर्मी में जाने के लिए टेक्निकल एंट्री, सीडीएस परीक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कुमाऊं और नागा रेजीमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव ने केआरसी म्यूजियम में छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें सेना ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत वरुणा अग्रवाल ने छात्र- छात्राओं से ट्रिप का फीडबैक लिया। नोडल अधिकारी डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव व संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

देवेंद्र का इंडिया इमेजिंग प्लेयर के लिए चयन

बागेश्वर, अमृत विचार : जनपद के क्रिकेट खिलाड़ी देवेंद्र बोरा का इंडिया इमेजिंग प्लेयर के लिए चयन हुआ है। वे वहां आयोजित होने वाले 20 दिन के कैंप में हिस्सा लेंगे। इस कैंप में देश के आईपीएल, रणजी खिलाड़ी भाग लेंगे। क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह सोनियाल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि देवेंद्र ने गत वर्ष सीके नायडू ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके उत्तराखंड रणजी टीम में अपनी जगह बनाई। जिस पर उनका चयन बीसीसीआई द्वारा इंडिया इमेजिंग प्लेयर के लिए किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर प्रभारी खेल अधिकारी गुंजन बाला, सुरेश सोनियाल, हरीश चंद्र रावल, राम चंद्र पांडे, रमेश सिंह दानू, प्रदीप गढ़िया, डॉ. राजेंद्र सिंह परिहार, मनोज ओली आदि ने बधाई दी है।

देवेंद्र बोरा।

नाले में मिला बीएसएफ जवान का लहूलुहान शव

संवाददाता, टनकपुर

- कोलकाता से छुट्टी लेकर अपने घर पिथारौगढ़ जा रहा था जवान
- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर स्वजनों को दी जानकारी

अमृत विचार : कोलकाता से छुट्टी लेकर अपने घर पिथौरागढ़ जा रहे बीएसएफ जवान का शव ककरालीगेट नाले में पड़ा मिला। लोगों ने शव पड़ा होने की जानकारी पुलिस को दी। मृतक जवान की शिनाख्त अजीत सिंह (59) पुत्र लाल सिंह, रूइना भड़कटिया जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई है।

जवान अजीत सिंह टैक्सी वाहन संख्या-यूके05,टीए-3588 से बुधवार तड़के तीन बजे पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुआ। किसी बात पर उसकी टैक्सी चालक से बहस हो गई और चालक ने उसे ककरालीगेट के पास टैक्सी से उतार कर सामान भी वहीं रख दिया और पिथौरागढ़ को रवाना हो गया। पुलिस के अनुसार जवान लघु शंका के लिए नाले में उतरने के दौरान संभवतः गिर गया और सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। प्रभारी कोतवाल बीएस बिष्ट ने बताया कि बुधवार शाम 6 बजे पुलिस को ककरालीगेट नाले में शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने बताया कि उसकी मौत काफी घंटे पहले हो चुकी है। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि मृतक के फोन पर जब उसकी बेटी की कॉल आई तो पुलिस ने उसे घटना की जानकारी दी। मृतक की बेटी प्रियंका ने पुलिस को बताया कि उसके पिता कोलकाता में बीएसएफ में तैनात थे और छुट्टी लेकर घर आ रहे थे। वह अगले वर्ष रिटायर होने वाले थे।

सार-संक्षेप

प्रातः कालीन रागों से गूंजा टनकपुर का शारदा घाट

टनकपुर : टनकपुर के शारदा घाट में सांस्कृतिक यात्रा क्रम में शास्त्रीय संगीत का प्रात : कालीन राग बिलावल का गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बोल थे- जाग उठे सब जन, तुम जागो गव्वन के चरवाह चरैया। नमामि गंगे नोडल अधिकारी संगीतज्ञ डॉ. पंकज उप्रेती ने गायन का शुभारंभ करते हुए बिलावल राग के प्रकारों को समझाया। प्रात :कालीन राग देवगिरी बिलावल के बोल थे- 'मन मेरो लाग रहस्यों, हरी के चरन में री'। पीलीभीत से पधारे श्रद्धालु विशाल गुप्ता ने सुबह सवेरे कार्यक्रम का संचालन किया। नदियों की स्वच्छता व भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रचार-प्रसार में जुटे डॉ. उप्रेती गंगा आरती के बाद इस प्रकार की संगीत बहार करने वाले पहले अधिकारी हैं।

शारदा घाट में गायन करते डॉ. पंकज उप्रेती।

अल्मोड़ा में बुधवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कर्नाटक सीएमओ को ज्ञापन देते हुए।

कनारीछीना में पीएचसी केंद्र का भवन बनाने की मांग

अल्मोड़ा : पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने भैंसियाछाना के कनारीछीना में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन को पूर्ण करने की मांग की है। बुधवार को मामले को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। जल्द निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि जिला योजना वर्ष 2021-22 में पीएचसी कनारीछीना के भवन निर्माण को 196 .58 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई थी। लेकिन अब तक मात्र 45 फीसद ही कार्य पूर्ण हो पाया है। अस्पताल के भवन का निर्माण नहीं होने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए अल्मोड़ा की दौड़ लगानी पड़ रही है। कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण होने से सुदूर वर्तीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

बाल श्रम रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

अल्मोड़ा : विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल अधिकारों और बाल हितों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जरूरतमंद बच्चों के लिए विभागांतर्गत संचालित राजकीय संस्थाओं के बारे में बताया गया। महिला कल्याण विभाग व श्रम विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में श्रम प्रर्वतन अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बाल श्रम 1986 संशोधित अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का किसी भी खतरनाक, गैर खतरनाक व्यवसायों या प्रक्रियाओ में नियोजन निषिद्ध है। सीओ विमल प्रसाद ने बाल श्रमिकों के संबंध में पुलिस की भूमिका की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष रघुबर दत्त तिवारी ने बाल श्रम जैसी समस्या के निदान को समाज के सभी वर्गों द्वारा सामूहिक प्रयास किये जाने की बात कहीं। इस मौके पर यहां विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अभिलाषा तिवारी, गीता उपाध्याय, पंकज फर्त्याल, मोहित जोशी, प्रीति बिष्ट, नवजोत जोशी आदि मौजूद रहे।

चम्पावत में महिलाओं के स्टॉल का अवलोकन करतीं गीता धामी।

सीएम धामी की पत्नी ने चम्पावत में पौधरोपण किया

टनकपुर : सेवा संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में चम्पावत में वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की धर्मपत्नी गीता धामी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज चम्पावत के प्रागंण में तेजपत्ता, उतीस, बोतल ब्रश के पौध रोपे। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य रश्मि रावत, हरीकान्त शर्मा, ज्योति गोदियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, ब्लॉक प्रमुख विनीता फर्त्याल, मुकेश कलखुडिया, आदि लोगों ने पौधे रोपे। जिला चिकित्सालय चम्पावत में गीता धामी ने भर्ती रोगियों को फल बांटे तथा उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। गीता धामी ने महिला प्रोद्यौगिकी केन्द्र खर्ककार्की चम्पावत में ऐपण व हथकरघा का प्रशिक्षण ले रही समूह की महिलाओं से भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। बाद में उन्होंने चौड़ाराजपुरा के ढोलगा तोक में पौध वितरण एवं जनमिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

उत्तराखंड प्रीमियर लीग की घोषणा पर प्रसन्नता

बागेश्वर। क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर ने राज्य इकाई द्वारा सितंबर में प्रदेश में उत्तराखंड प्रीमियर लीग का आयोजन करने की घोषणा पर प्रसन्नता व्यक्त की है। कहा कि एसोसिएशन के प्रयासों से प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। प्रेजीडेंट सुरेश सिंह सोनियाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा सितंबर प्रथम सप्ताह में उत्तराखंड प्रीमियर लीग के आयोजन कराए जाएंगे। इसके लिए 17 व 18 जून को टायल काशीपुर में आयोजित होंगे। जिसमें 16 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे।

छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से दबोचे तीन साइबर ठग

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचारः : चम्पावत के थाना लोहाघाट क्षेत्र अंतर्गत साइबर ठगों ने तीन लोगों से 3,98,798 रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। इस संबंध में थाना लोहाघाट में 3 अभियोग पंजीकृत कर जांच की गई। विवेचना के दौरान इन अभियुक्तों का छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में होना पाया गया।

ऑनलाइन ठगों की गिरफ्तारी के लिए जिला स्तर पर एसआई नरेश कुमार, थाना लोहाघाट के नेतृत्व में टीम का गठन कर टीम को छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश भेजा गया। पुलिस टीम ने छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश में आरोपियों को गिरफ्तार कर नोटिस तामील कराया। साथ ही घटना में प्रयोग किए गए मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

आरोपियों में आयुष सेन पुत्र दीपक सेन, निवासी मध्य प्रदेश ने 1,49,998 रुपये, अनिल सैनी पुत्र लक्ष्मी नारायण, निवासी भोपाल, मध्य प्रदेश ने 68,300 रुपये और ओम प्रकाश डोगरे पुत्र कृपाराम डोगरे, निवासी तुमगांव, छत्तीसगढ़ ने 1,80,500 रुपये की ऑनलाइन ठगी की थी। पुलिस टीम में एसआई नरेश कुमार, हेड कांस्टेबल ध्यान सिंह, मीनाक्षी नौटियाल, प्रभारी साइबर सैल चम्पावत, हेड कांस्टेबल, सद्दाम हुसैन,आशा गोस्वामी शामिल रहे।

अब 25 जून को बंद होगा पीटीआर का पर्यटन सत्र

पीलीभीत, अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व में घूमने के शौकीन पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। पीटीआर प्रशासन ने चल रहे पर्यटन सत्र को 10 दिन और बढ़ाने का फैसला लिया है। अब पीटीआर पर्यटकों के लिए 15 जून के बजाए 25 जून को बंद होगा। पीटीआर प्रशासन ने यह निर्णय शासन से अनुमति मिलने के बाद लिया है। वन अफसरों की उम्मीद है कि इन 10 दिनों में पीटीआर पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में खासा इजाफा होगा। तराई की तलहटी में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक छह माह के लिए संचालित किया जाता है। बाघों के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश में ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध है।

अल्मोड़ा में आवारा गोवंशीय पशुओं को गो सदन भेजा गया

- अब तक 256 निराश्रित गोवशीय पशुओं को बाजपुर गो सदन भेजा
- पालिका और पशु पालन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया

संवाददाता अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर पालिका और पशुपालन विभाग की ओर से बुधवार को नगर में लावारिस घूम रहे पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान संयुक्त टीम ने लावारिस घूम रहे 15 निराश्रित गोवंश पशुओं को पकड़कर बाजपुर गो सदन भेजा।

अभियान के तहत अब तक 256 निराश्रित गोवंश पशुओं को गो सदन भेजा जा चुका है। अल्मोड़ा नगर में लावारिस पशु जनता के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

इससे आए दिन सड़कों जाम की स्थिति पैदा हो रही है। साथ ही वाहन हादसों का भी कारण लावारिस पशु बन रहे हैं। इसमें तमाम गोवंशीय पशु ऐसे भी हैं जो पालतू हैं। लोग सुबह दूध दुहने के बाद पशुओं को चरने के लिए आवारा छोड़ रहे हैं। इसी के देखते हुए बुधवार को पालिका और पशु पालन विभाग ने मालरोड में लावारिस गोवंशीय पशुओं को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। अभियान के तहत 15 लावारिस और पालतू गोवंशीय पशुओं को पकड़कर कैंटरों से बाजपुर गो सदन भेजा गया।

पालिका द्वारा पकड़े गए लावारिस पशु।

> अभियान के तहत बुधवार को 15 गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर कैंटरों के माध्यम से बाजपुर गो सदन भेजा गा। अभियान आगे भी जारी रहेगा। मवेशियों को लावारिस छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
> -भरत त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका अल्मोड़ा।

ढेरनाथ-सलना मोटर मार्ग की बदहाली के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता,टनकपुर / लोहाघाट

अमृत विचार : विशंग क्षेत्र के ग्राम पंचायत डुंगरी फर्त्याल के ढेरनाथ-सलना मोटरमार्ग की बदहाली को लेकर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने लोनिवि के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए शीघ्र डामरीकरण की मांग की।

ग्रामीणों का कहना था कि ढेरनाथ-सलना मोटर मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। दोपहिया वाहन चलाना इस रोड पर खतरे से खाली नहीं है।

अब तक कई दोपहिया वाहन चालक रपट कर चोटिल हो चुके हैं। मंगलवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज कुमार की स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उनके पैर में गंभीर चोट आई है। लोगों ने बताया कि सलना से ढेरनाथ तक एक किमी. मार्ग के आधे हिस्से में पूर्व में डामर किया था, लेकिन आधा हिस्सा छोड़ दिया गया।

आजकल आधे हिस्से में डामरीकरण किया जा रहा है, लेकिन आधा हिस्सा फिर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने पूरी सड़क में एक साथ डामरीकरण नहीं करने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान संदीप कुमार, रजत फर्त्याल, अंकित फर्त्याल, विकास फर्त्याल, सागर कुमार, अमन, मनीष, सचिन, ऋतिक, विनोद, अनुज, जीवन आदि मौजूद रहे।

मोटर मार्ग की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम

टनकपुर : 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की पूर्व श्रृंखला में शारदा घाट टनकपुर में काउंट डाउन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गोसाई ने बताया कि इसी क्रम में चम्पावत में 13 जून को लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम का आयोजित किया जायेगा। प्रातः 6:30 से 7:30 तक कोलीढेक झील लोहाघाट को लाइव स्ट्रीम कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। जिसमें 200 प्रतिभागी भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम के सफल संपादन के लिए आवश्यक व्यवस्था मंच व्यवस्था लाइव स्ट्रीमिंग, जलपान व्यवस्था, योग प्रदर्शन एवं योग स्थलीय व्यवस्था के लिए परियोजना टीम का गठन किया गया है।

कैफे तक पहुंची जंगल की आग, मचा हड़कंप

कसारदेवी में आग बुझाते फायर कर्मी।

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कसार देवी से सटे जंगल में बीते मंगलवार देर शाम धधकी आग ने अफरा तफरी मचा दी। जंगल में धधकी कैफे तक पहुंच गई।

आग की लपटों को देख कैफे में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने वनाग्नि की घटना की फायर सर्विस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया। आग से हजारों की वन संपदा जलकर खाक हो गई।

थली, चमड़कोट के जंगल आग की चपेट में

दन्या। धौलादेवी के चमड़कोट, घनालीदेवी, थमी और लिमड़ी के जंगल इन दिनों आग की चपेट में हैं। पिछले दो दिनों से जंगल धधक रहे हैं। जिस कारण पूरे क्षेत्र में धुएं का गुबार देखा जा रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है। लेकिन जंगल के बड़े हिस्सों में धधकी आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो रहा है। इधर, वन क्षेत्राधिकारी केएन पांडे ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर आग बुझाने में जुटी हुई है।

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1080 बोल्ड 1110 डीएमओ 820।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ्रॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1505, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1625, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15600, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16600, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4160, पीलीभीत 4120, नवाबगंज (नई) 4110, बहेड़ी (नई) 4120 रुपये।

मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

अब जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना: तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।

रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार।

100 दिन के एजेंडे को समझना: स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

बुनियादी ढांचा विकास: आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

डिजिटल परिवर्तन: डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

कृषि सुधार: किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

निष्कर्ष : मोदी 3 .0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालांकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएं वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

ध्यान दें : इस लेख में उल्लिखित स्टॉक केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और इन्हें वित्तीय सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने में जोखिम शामिल है और कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले गहन शोध करना या परामर्श आवश्यक है।

वित्तीय समावेशन: वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं: उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश: लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

मध्यम अवधि का निवेश: अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

दीर्घकालिक निवेश: आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश: इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

मध्यम अवधि का निवेश: टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

दीर्घकालिक निवेश: प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5जी तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, कंपनी को निरंतर विकास से लाभ होगा।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,750
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,450
गिन्नी (प्रति नग)	54,750-54,950

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	71,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	71,600
सोना जेवरात गिन्नी	70,600
चांदी पक्की	883 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,050
चांदी आभूषण	89,300।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 65 मसूरी 57 अंगूरी 57 बासमती 98, **दाल दलहन**-काला चना 77-125 साबुत चना दाल 67-85 मूंग साबुत 102 राजमा 120-145 दाल उड़द 110 साबुत मसूर दाल 68-85 मसूर दाल 78 उड़द साबुत 118-120 काबुली चना 115-165 अरहर दाल 157-164 लोबिया/करमानी 85-105 सोयाबीन 40 मूंगफली 77-110 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 23 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से 105 चना देसी : 60से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

- इरडा ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों के लिए लागू किया नियम

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा-यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।

राष्ट्रीय

दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि

किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।

अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी

मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए। ●

बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य लोग शामिल हुए।

सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली।

चंद्रबाबू ने संभाली आंध्र की कमान, पवन कल्याण बने उपमुख्यमंत्री

अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभालेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

एक नजर

येदियुरप्पा ने की पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग करते हुए राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। श्री येदियुरप्पा ने 12 जून को दायर की गई याचिका में तर्क दिया गया है कि शिकायत में अपराध के किसी भी तत्व का अभाव है। यह मामला 14 मार्च का है, जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

ठाणे में एक रसायन कारखाने में लगी आग

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में बंद पड़े एक रसायन कारखाने में बुधवार को सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि आग से अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग के साथ-साथ कारखाने की एक इकाई में विस्फोट भी हुआ है। उन्होंने कहा कि कारखाने से निकल रहे धुएं को दूर से देखा जा सकता था। यह कारखाना अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है।

लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा-यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा-हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा-यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या कोई प्राथमिकी दर्ज की है।

फीजिक्स वाला ने नीट-यूजी में कृपांक दिए जाने को शीर्ष अदालत में दी चुनौती

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा है।

मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, कई अन्य अस्पताल में भर्ती

भिंड। मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर क्यों साध रखी है चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा मोदी को हमले की निंदा करने का नहीं मिला समय

कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नया कश्मीर नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये

गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश जवाब मांग रहा है-आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा-पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं-नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है। खेड़ा ने आरोप लगाया, यह तथ्य कि भाजपा ने कश्मीर घाटी में चुनाव लड़ने की भी जहमत नहीं उठाई, इस बात का प्रमाण है कि उनकी नया कश्मीर नीति पूरी तरह विफल रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया, क्या यह सच नहीं है कि पिछले 2 वर्षों में पीर पंजाल रेंज - राजौरी और पुंछ, अब सीमा पार आतंकवाद का गढ़ बन गया है और पिछले दो वर्षों में इन इलाकों में हुए आतंकी हमलों में 35 से ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।



इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

इंग्लैंड vs ओमान
रात 12 :30 बजे

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

मैच : रात 8 :00 बजे

बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।

करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी

मैच : सुबह 6 :00 बजे

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

खेल डायरी

पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन

कोच्चि। पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया

मुंबई। वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

नई दिल्ली। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज

मैड्रिड। राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

अमेरिका ने भारत को दिया 111 रन का लक्ष्य

अर्शदीप ने की शानदार गेंदबाजी झटके 4 विकेट, नीतिश ने बनाए सर्वाधिक 27 रन

अरोन जोन्स विकेट लेने के बाद हार्दिक पांड्या के साथ जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

स्कोर बोर्ड

अमेरिका	110/8 (20 ओवर)		
	रन	गेंद	4/6
शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप	0	0	0/0
स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर	24	30	0/2
एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप	2	5	0/0
अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक	11	22	0/1
नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप	27	23	2/1
कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक	14	12	1/1
हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप	10	10	0/1
शैडली वैन नाबाद	11	10	1/0
जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज)	2	7	0/0

गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, मोहम्मद सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक पांड्या 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

न्यूयॉर्क, एजेंसी

नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया है।आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप सिंह का शिकार बने। उसके बाद स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितीश कुमार ने 23 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। उन्हें अर्शदीप सिंह ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच आउट कराया।

कोरी एंडरसन (15), हरमीत सिंह (10) और जसदीप (2) रन बनाकर आउट हुये। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 110 रन का स्कोर खड़ा किया।

भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने नौ रन देकर चार विकेट लिये। हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो बल्लेबाजों को आउट किया। अक्षर पटेल को एक विकेट मिला।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत	2	2	0	4	1.455	0
अमेरिका	2	2	0	4	0.626	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
वेस्टइंडीज	2	2	0	4	3.574	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	1	0	1	0	-4.200	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	2	1	1	2	0.075	0
नीदरलैंड	2	1	1	2	0.024	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका	3	0	2	1	-0.777	1



नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन

भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिडेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया

लिस्बन। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

सियोल। चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव



श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।

बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।

मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गंधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

एक नजर

जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

पेरिस। फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है। हार्डी ने 2024 में घोषणा की कि वह फिर कभी नहीं गा सकेंगी।

कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

किंशासा। पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

हंगरी के प्रधानमंत्री से मिलेंगे नाटो प्रमुख

मॉस्को। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग बुधवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है।

उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए : सेना

पूर्व में इजरायली हमलों में मारे गए थे हिजबुल्लाह के चार सदस्य

यरूशलम, एजेंसी

- अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर जाकर गिरे
- गोलाबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया



इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया। उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर गिरे। सेना ने कहा कि विवरण की जांच की जा रही है। अब तक, इजरायल की ओर से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। नवीनतम गोलाबारी के जवाब में, इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया। ऊपरी गैलिली क्षेत्रीय परिषद ने निवासियों से अतिरिक्त गोलीबारी का हवाला देते हुए बाहरी गतिविधियों को केवल आवश्यक कार्यों तक सीमित करने का आह्वान किया।

प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

मॉस्को। फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

किंशासा। जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपाने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

नोबेल पुरस्कार विजेता पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण टेलीकॉम देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है। ग्रामीणफोन नॉर्वे की दूरसंचार दिग्गज टेलीनॉर की सहायक कंपनी है। कंपनी पर धन शोधन का भी आरोप है।न्यायाधीश हुसैन ने कहा कि अभियोजन पक्ष पहले ही अपनी दलीलों को साबित कर चुका है, जिसमें पैसों को अवैध रूप से विदेश भेजने के आरोप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमे पर सुनवाई 15 जुलाई से शुरू होगी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

यूक्रेन को मिलेगी एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पिछले महीने के अंत में अमेरिका से पैट्रियट प्रणाली मांगी थी। मिसाइल प्रणाली भेजने का यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के रक्षा विभाग से जुड़े नेता यूक्रेन की सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपनी मासिक बैठक की तैयारी में जुटे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को ब्रसेल्स में बैठक की मेजबानी करेंगे।

नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।

सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।

पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

लाहौर। पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक मुसलमान पहुंचे मक्का

मक्का, एजेंसी

- 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज यात्रा की थी

इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे।

सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था जबकि कोविड वैश्विक महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। फलस्तीनी मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मक्का पहुंचने वाले हज जायरीनों में 4,200 फलस्तीनी लोग भी शामिल हैं। मक्का की विशाल मस्जिद में मंगलवार को हज जायरीनों की भारी भीड़ दिखाई और उन्होंने काबा के चारों ओर सात बार घूमकर एक अनुष्ठान पूरा किया।

बॉलीवुड हलचल

निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

अजय फिर मचायेंगे धमाल

मुबई, एजेंसी। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

खगोल विज्ञान | विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल

- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

नैनीताल : वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।

ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।